वर्ष : 18 अंक: 84 | ग्वालियर | सोमवार 28 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता



आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# पीएम मोदी ने देश को फिर दिलाया आतंक के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा



**नई दिल्ली,ए.।** मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने मुझे भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा...और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

# अल्लाह हू अकबर...हर हर महादेव और जय श्रीराम के नारे लगाकर यात्री ने दी विमान में बम की धमकी

**वाराणसी,ए.।** वाराणसी एयरपोर्ट पर विमान में बम की धमकी से अफरा-तफरी मच गई। बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट टेकऑफ की तैयारी में थी तभी अचानक मिली धमकी से विमान क्रू और यात्री सहम गए। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या निर्धारित समय से कुछ देर बाद रात 10.24 बजे उड़ान भरने को तैयार थी। विमान एप्रन से रनवे की ओर बढ़ ही रहा था कि यात्री ने चिल्लाते हुए कहा कि मेरे बैग में बम है। धमकी के साथ ही यात्री जोर-जोर से अल्लाह हूं अकबर...हर हर महादेव और जय श्रीराम के नारे भी लगाने लगा।

सूचना मिलते ही पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को अलर्ट किया। विमान को वापस एप्रन पर ले आया गया। यात्रियों को सुरक्षित उतारने के बाद विमान को आइसोलेशन में खड़ा किया गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने यात्री के बैग के अलावा फ्लाइट में जांच शुरू कर दी।

आरोपी यात्री की पहचान कनाडाई नागरिक योहानाथन निशिकांत के रूप में हुई है। वहां अपनी सीट छोड़कर आगे आकर बैठ गया था। जब क्रू मेंबर्स ने यात्री को अपनी सीट पर वापस जाने को कहा तब वहां भड़क गया। बम की धमकी देने लगा।

विमान को आइसोलेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की गहनता से जांच की। बम निरोधक दस्ते ने करीब पांच घंटे तक विमान और यात्रियों के सामान की तलाशी ली। इस दौरान किसी भी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण



**शाहजहांपुर,ए.।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बनाई गई 3.50 किमी हवाई पटटी का निरीक्षण करने रविवार दोपहर आए मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से गाजीपुर तक विस्तार दिया जाएगा। बताया कि मेरठ से हरिद्वार को भी गंगाएक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री बोले कि गंगा एक्सप्रेसवे को फर्रुखाबाद से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा, यही आगे बुंदेलखंड को भी जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, आगरा, लखनऊ लिंक एक्सप्रेस वे का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रिल हब बनाया जाएगा, इससे स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे फर्रुखाबाद से लिंक करके बुंदेलखंड जब जोड़ा जाएगा, तब बुंदेलखंड में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे तरक्की का सबसे बड़ा माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर 3.50 किलोमीटर की हवाई पटटी का निर्माण किया गया है, इस हवाई पटटी पर वायुसेना के लड़ाकू विमान 2 और 3 अप्रैल को पूर्वाभ्यास करेंगे, जो गर्व का क्षण होगा। उन्होंने बताया कि यह देश की पहली ऐसी हवाई पटटी होगी, जहां वायुसेना के विमान रात में भी लैंडिंग करेंगे। वायुसेना की हवाई पटटी के दोनों ओर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2019 में कुंभ के दौरान पश्चिम प्रदेश को प्रयागराज से जोड़ने का निर्णय लिया गया था।

## एक नजर

### मंत्री रावत ने अजमेर सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

**जयपुर,ए. ।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अजमेर के सर्किट हाउस में जन सुनवाई कर आमजन की विभिन्न समस्याएं और अभाव-अभियोग संवेदनापूर्वक सुने। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्यतः बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सहकारिता एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं।रावत ने जन सुनवाई के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है, और जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है।जन सुनवाई के दौरान कई नागरिकों ने अपने क्षेत्र में पेयजल की कमी, जर्जर सड़कों की मरम्मत, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, चिकित्सा सेवाओं की सुचारू उपलब्धता, बिजली आपूर्ति में अनियमितता एवं सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली से संबंधित मुद्दे उठाए।

### रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमला

**अलीगढ़ (ए)।** राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर रविवार को हमला हो गया। अलीगढ़ के गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए। काफिले पर टायर और पत्थर फेंकने लगे।सांसद के काफिले में 20 से ज्यादा गाड़ियां थीं। हमले से बचने के लिए गाड़ियां तेजी से भागने लगी। इससे थोड़ी दूर जाकर काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 5-6 लोग चोटिल हो गए। हमले के बाद समर्थक और पुलिसकर्मियों ने रामजीलाल को सुरक्षा घेरे में ले लिया।

### अब बड़े लोन डिफॉल्टरों के खिलाफ फिर से शुरू होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली(ए)।** भारी भरकम कर्ज लेकर मौज काट रहे लोगों की अब खैर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक को वसूली की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि रिजर्व बैंक और बैंक, बड़े लोन डिफॉल्टरों के खिलाफ फिर से कार्रवाई कर सकते हैं। जस्टिस एमएम सुंदरेश और राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि अगर किसी प्रशासनिक कार्रवाई को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करके रद्द किया जाता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि प्रशासनिक अधिकारी फिर से कार्रवाई नहीं कर सकते।

विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में

# प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : मुख्यमंत्री

**रायपुर,ए.।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अघरिया समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है, जिसकी जड़ें भारतीय सभ्यता की गहराइयों से जुड़ी हैं। उन्होंने आह्वान किया कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अघरिया समाज अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान दे। मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के भाठागांव में आयोजित अघरिया समाज सेवा समिति के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अघरिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अघरिया समाज के अपने मितान, स्वर्गीय विष्णु पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि अघरिया समाज से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि अपने सामाजिक जीवन के लंबे अनुभव में उन्होंने अघरिया समाज के परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता को निकटता से देखा और समझा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनतकश अघरिया समाज ने अपने मूल व्यवसाय कृषि के साथ-साथ अन्य अनेक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कृषि क्षेत्र में उनके योगदान से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आज प्रगतिशील अघरिया समाज राष्ट्र के विकास में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की तरक्की के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने का कार्य किया है।

## दिल्ली में रह रहे पांच हजार पाकिस्तानी

**नई दिल्ली,ए.।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए कई राज्य सरकारें ने उनके राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने में लगी है। दिल्ली में करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। भारत के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को इसकी लिस्ट सौंपी है। आईबी ने दिल्ली में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंप दी है ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय ने यह सूची दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के साथ साझा की है और आगे सत्यापन और पहचान के लिए इसे संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है।

सीएम ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना कहा-

# पीएम के शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है

**जयपुर,ए. ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 121वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने मुंबई प्रवास के दौरान मुंबई एयरपोर्ट पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। अपने संबोधन में मोदी ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, मगर देश के दुश्मनों को ये शांति और समृद्धि रास नहीं आई।

मोदी ने विश्वास दिलाया कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा तथा हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन के निधन पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के 50 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरिक्ष में भारत के सपनों की उड़ान एक समय केवल हौसलों से शुरू हुई थी, मगर आज देश एक ग्लोबल स्पेस पॉवर बन चुका है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है तथा चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में म्यांमार में भूकंप के बाद भारत द्वारा चलाए गए राहत अभियान और अफगानिस्तान के लिए वैक्सीन भेजे जाने की चर्चा की।

## मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश, हीटवेव को लेकर अलर्ट दिया

**नई दिल्ली,ए. ।** भारतीय मौसम विभाग ने 28 अप्रैल को नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, केरल, कर्नाटक और बंगाल में भारी बारिश की चेतावनी दी है। ओडिशा और छत्तीसगढ़ में ओले गिर सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्यप्रदेश में हीटवेव को लेकर अलर्ट दिया गया है। राजस्थान में लगातार दूसरे दिन के साथ-साथ रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। 29 अप्रैल को केरल, कर्नाटक, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट है। 30 अप्रैल को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश में हीटवेव का अलर्ट है, जबकि यूपी, बिहार, झारखंड, गुजरात, छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ेगी। ओडिशा, केरल में भारी बारिश हो सकती है।

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद ने की पीएम मोदी से बात

## पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में की निंदा

**नई दिल्ली,ए.।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को वैश्विक समर्थन मिलना जारी है। इसी क्रम में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और आतंकी हमले में मारे गए निर्दोषों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को हुए इस हमले में दो दर्जन से ज्यादा निर्दोष लोग मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं ने एक स्वर में कहा, आतंकवाद का कोई भी रूप बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

यूएई के राष्ट्रपति ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की और भारत के प्रति अपनी अटूट एकजुटता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस समर्थन के लिए शेख मोहम्मद का दिल से आभार जताते हुए कहा, गुनहगारों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। भारत का संकल्प अटल है। यह बातचीत भारत और यूएई के बीच मजबूत हो रहे रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों का भी प्रतीक है, जो वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई में नई मजबूती प्रदान कर रही है।

# ममता की ममताः पहलगाम हमले के मृतक कमांडो की पत्नी को दी सरकारी नौकरी

**कोलकाता,ए.।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बनर्जी ने लंबे समय से पश्चिम बंगाल में जमीनी पकड़ बनाए हैं। इसकी मूल वजह ये है ममता बनर्जी आम लोगों से सीधे रिश्ता बनाए हुए हैं। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के मृतक परिवारों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का उन्होंने ऐलान किया है।



मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए राज्य के तीन लोगों के परिवारों और उधमपुर मुठभेड़ में मारे गए सेना के हवलदार के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नादिया जिले के तेहट्टा के हवलदार झंटू अली शेख की पत्नी को नौकरी भी देगी। वह कमांडो थे। बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार पहलगाम के पीड़ितों में से एक बितान अधिकारी के पिता को 10,000 रुपये की पेंशन देगी। ममता बनर्जी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए बितान अधिकारी के पिता को 10 हजार रुपये महीने पेंशन देने का ऐलान किया है।

# हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी से जुड़ी है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी सभ्यता और सिंधु नदी से जुड़ी है। प्राचीन काल में विकसित सिंधु घाटी सभ्यता आज भी पूरे देश को गौरवान्वित करती है। सम्राट दाहिर सेन का अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष आज भी हमें प्रेरणा और साहस प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध हैं। भोपाल, संत हिरदाराम की पुण्य भूमि है, संत परम्परा के अनुसार हम ÷जियो और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास करते हुए प्राणी मात्र से प्रेम के भाव का व्यवहार में भी निवर्हन करते हैं। सिंधी समाज ने इन मूल्यों का पालन करते हुए अपने धर्म और संस्कृति की सरक्षा के लिए अपना घर-परिवार और व्यापार छोड़ा। संघर्ष और चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी कर्मठता और आत्मविश्वास से उन्होंने स्वयं को पुनः स्थापित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंधु भवन में आयोजित चेतीचांद महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सिन्धु भवन ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।





सिंधी समाज ने संघर्ष और चुनौतियों का सामना करते हुए स्वयं को पुनः स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने चेतीचांद महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को किया संबोधित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपनी क्षमता, योग्यता और निरंतर मेहनत से सिंधी समाज ने व्यापार और उद्योग जगत में कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में निरंतर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग स्थापना और व्यापारिक गतिविधियों के संचालन के लिए नीतियों और प्रकियाओं को सरल और सुगम किया गया है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। व्यापार और उद्योग रोजगार उपलब्ध कराने का प्रमुख माध्यम है। अन्य राज्यों तथा विदेश से भी निवेश के लिए उद्योगपतियों और व्यापारियों को आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंधी समाज के बंधुओं से प्रदेश में व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की पहल करने का आव्हान करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने राजा दाहिर सेन, संत कंवर दास और शहीद हेमू कालानी के प्रसंगों को शालेय स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने, प्रदेश के सिंधी समाज की बहुलता वाले शहरों में शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थापित करने, सिंधी संग्रहालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने और सिंधी अकादमी का बजट बढ़ाने का आग्रह किया।

# गुप्तेश्वर पर स्वच्छता श्रमदान आयोजित

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कदवाल नदी पर किया श्रमदान, 30 लाख की बाउन्ड्रीवाल के लिए भूमिपूजन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेउ्ट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत जिलेभर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के विभिन्न कार्य संचालित है, इसी क्रम में आज शहर की कदवाल नदी गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया तथा नदी के गहरीकरण कार्य की शुरूआत की गई। इसी के साथ 30 लाख रूपये लागत की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। नगरपालिका परिषद श्योपुर एवं ग्राम पंचायत बगवाज के तत्वाधान में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कदवाल नदी पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुप्तेश्वर मंदिर के घाट पर साफ-सफाई की गई तथा प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर पर भी साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसी के साथ नदी के गहरीकरण कार्य की शुरूआत की गई। नदी के आसपास भी श्रमदानियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल, श्री महेश राठौर, श्री सतीश समाधिया, श्री राजू तोमर, श्री राजबहादुर मारू, साामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजना मारवाडी, श्री जय सिंह जादौन, श्री रामअवतार शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता,



पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी तथा नागरिकगण उपस्थित थे, इसके अलावा एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, सीएमओ श्री राधेरमण यादव, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री विक्रम जाट, उपयंत्री श्री पवन गर्ग, श्री आदित्य चौहान, जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम, मातृछाया संस्थान से श्री भास्काराचार्य टकसाली आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुप्तेश्वर महादेव मंदिर की नदी की ओर बाउन्ड्रीवॉल कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। मनरेगा एवं 15वे वित्त की राशि से 30 लाख रूपये की लागत से लगभग 200 मीटर लम्बी बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कराया जायेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के नोडल अधिकारी नगरपालिका श्री आदित्य चौहान ने बताया कि गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कदवाल नदी पर 28 अप्रैल सोमवार को भी प्रातः 8 बजे से स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

## लोक अदालत 10 मई को

**श्योपुर ब्यूरो।** प्रदेश में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

**प्री-लिटिगेशन स्तर पर -** कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

**लिटिगेशन स्तर पर -** कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

**लोक अदालत में छूट शर्तों के तहत दी जाएगी**

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रुपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

# लाटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया 28 को

**श्योपुर ब्यूरो।** सीएम राईज विद्यालय श्योपुर में लाटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया 28 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे संपन्न कराई जायेगी। प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल ने बताया कि विद्यालय की रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आवेदन लिये गये थे, जिन कक्षाओं में रिक्त स्थानों की अपेक्षा अधिक आवेदन आये है, उन कक्षाओ में प्रवेश की प्रक्रिया लाटरी के माध्यम से की जायेगी। लाटरी की प्रक्रिया में आवेदन करने वाले सभी अभिभावक उपस्थित रह सकते है। अभिभावको के सामने पारदर्शिता के साथ लाटरी निकालकर रिक्त सीटो पर प्रवेश दिया जायेगा। लाटरी की प्रक्रिया 28 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे से विद्यालय में आयोजित होगी।

# अब तक 62 हजार मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी

## 87 करोड से अधिक का भुगतान

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के नेतृत्व में श्योपुर जिले में 33 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। अब तक 62 हजार 669 मैट्रिक टन गेहूं की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की जा चुकी है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बताया कि अभी तक 62 हजार 669 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी कर ली गई है तथा 87 करोड 35 लाख 94 हजार 306 रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। पंजीकृत किसानों के अनुमान अनुसार जिले में 1 लाख 30 हजार मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी इस उपार्जन वर्ष में होना संभावित है। गेहूं के उठाव एवं भण्डारण के भी पर्याप्त प्रबंध किये गये है तथा तत्काल उठाव की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। लगभग 90 प्रतिशत गेहूं का उठाव सुनिश्चित कर लिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा खरीद केन्द्रों पर सुगमता से खरीदी के लिए जिला स्तर से भी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है। सहायक आयुक्त सहकारिता श्री ध्रुव कुमार झारिया ने बताया कि 33 सोसायटियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, उन्होने कहा कि किसानों से गेहूं उपार्जन के समय वास्तविक तौल की जा रही है, मॉइस्चर (नमी) के नाम पर अलग से गेहूं की किसी भी प्रकार मात्रा 700 ग्राम अथवा 500 ग्राम प्रति क्विंटल नही ली जा रही है। सभी समितियों को किसानों से वास्तवित तौल करने के ही निर्देश दिये गये है। फूड आफिसर श्री सुनील शर्मा ने जानकारी दी कि गेहूं उपार्जन के लिए जिले में लगभग 20 हजार किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन कराये गये है। गेहूं उपार्जन में शासन की ओर से किसानों को यह सुविधा भी दी गई है कि वे अपनी सुविधानुसार नजदीकी सेंटर पर अपना गेहूं विक्रय कर सकें, इसके लिए स्लॉट बुकिंग करा सकते है तथा अपनी इच्छानुसार सेंटर पर गेहूं का विक्रय कर सकते है। उन्होने बताया कि वर्तमान में 8 हजार 255 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है, जिसमें से 4 हजार 887 किसानों से गेहूं की खरीद कर ली गई है, गेहूं उपार्जन का कार्य नियमित रूप से जारी है, गेहूं के उठाव एवं भण्डारण के लिए पर्याप्त संख्या में वाहन लगाये गये है तथा व्यवस्थित और त्वरित रूप से लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य किया जा रहा है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान पर गोष्ठी संपन्न

**दतिया।** समर्पण नशा मुक्ति सभागार में समर्पण संस्था एवं शासकीय कला पथक दल द्वारा जल गंगा संवर्धन पर एक संगोष्ठी व काव्य गोष्ठी का आयोजन आज रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार श्री मनीराम शर्मा ने की। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण प्रजापति हरि साहित्यकार व विशेष अतिथि साहित्यकार श्री पूरण चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री राधाबल्लभ मिश्रा ने कविता के माध्यम से जल के महत्व पर भाव रखा। अपना कविता पाठ करते हुए अध्यक्ष श्री मनीराम शर्मा ने कविता पढ़ी पहले जैसे गांव कहां हैं बरगद जैसी छांव कहां हैं अपनी कविता पड़ते हुए विनोद मिश्र ने कहा आम नीम बरगद की छांव में चलो चले हम अपने गांव




में। पूरण चंद्र शर्मा, नशा नाश की जड़ हैं मात पिता की इज्जत जाती खाते ठोकर दर दर है।

**डॉ हरिकृष्ण हरि ने पढ़ी रचना**
**चले गांव चले मुखिया ने कर दओ बदनाम**
**चलो गांव चले।**

साहित्यकारों ने जल और पर्यावरण तथा नशा मुक्ति पर रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद मिश्रा प्रमुख कलाकार ने किया व आभार व्यक्त श्री संजय भार्गव संचालक नशा मुक्ति केंद्र ने किया।

# गरीबी की विरुद्ध प्राप्त हो रही सफलता में मध्यप्रदेश प्रमुख सहयोगी राज्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में गत दशक में 17 करोड़ लोग गरीबी के कुचक्र से बाहर आए हैं। विश्व बैंक के अनुसार भारत में 171 मिलियन लोगों का अत्यधिक गरीबी से बाहर आना इस दशक की उल्लेखनीय उपलब्धि है। देश में मध्यप्रदेश उन 5 राज्यों में शामिल है , जहां इस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य हुआ है। इस तरह गरीबी के विरूद्ध प्राप्त हो रही सफलता में मध्यप्रदेश प्रमुख सहयोगी राज्य बना है। मध्यप्रदेश की ग्रोथ रेट बेहतर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण मानते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। साथ ही प्रदेश के नागरिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मीडिया को दिए संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है कि देश में समावेशी विकास और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लक्षित कल्याणकारी योजनाओं, आर्थिक सुधारों और आवश्यक सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच में वृद्धि हुई है। भारत ने गरीबी के स्तर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त की।

**आईटी कॉन्क्लेव से बढ़ेंगे रोजगार अवसर**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष है। इंदौर में 27 अप्रैल को हो रही आईटी कॉन्क्लेव औद्योगिक रफ्तार बढ़ाने का कार्य करेगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आकाशी युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश उन राज्यों में है, जहां औद्योगिक निवेश में तेजी आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों की इस कॉन्क्लेव में उत्साहपूर्ण भागीदारी का स्वागत किया है।

# रोजगार/स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**दतिया।** जिला रोजगार अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दतिया जिले में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग व्यापार केन्द्र दतिया तथा आईटीआई दतिया द्वारा आज 28 अप्रैल 2025 को प्रातः 10.30 बजे से स्थानीय शासकीय आईटीआई वक्सी के हनुमान मंदिर रोड दतिया में रोजगार/स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की कंपनियां भाग लेंगी।

# समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करना सरकार की जिम्मेदारी : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

## सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के भाव पर सरकार अटल

**भोपाल।** उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़-संकल्पित है। श्री देवड़ा आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित चिकित्सा सम्मेलन ÷दशपुरकॉन 2025÷ में सहभागिता कर उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों व सम्माननीय चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार, चिकित्सा शिक्षा में गुणात्मक सुधार, तकनीकी नवाचारों के समावेशन एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित किया है। सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के भाव के




अनुरूप हमारी सरकार का यह अटल एवं दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएँ। इससे न केवल स्वस्थ मध्यप्रदेश का निर्माण होगा, अपितु एक समृद्ध, सशक्त और विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना भी साकार होगी। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं : एसीएस श्री दुबे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन को साकार करते हुए प्रदेश में आईटी और संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पहली सेक्टर आधारित ÷टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव÷ का आयोजन किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे ने ÷मध्यप्रदेश के उभरते एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग,कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) ईकोसिस्टम÷ विषय पर राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस- 3 को ब्रिलियेंट कन्वेशन सेंटर, इंदौर में संबोधित किया। उन्होंने एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के उद्योपतियों ने इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश की संभावनाओं/ निवेश पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस क्षेत्र में निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एसीएस श्री दुबे ने बताया कि प्रदेश में इस उद्योग के विकास के लिए अनुकूल माहौल हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एमपीएसईडीसी श्री गुरु प्रसाद, श्री आशीष कुलकर्णी, संस्थापक, पुन्नरीयुग आर्ट विजन प्राइवेट लिमिटेड, श्री मनीष राजोरिया, पर्पल टर्टल के सह-निर्माता, श्री रेन चिलका, संस्थापक - ग्रीन गोल्ड एनीमेशन प्राइवेट लिमिटेड सहित कई उद्योगपति/निवेशक उपस्थित थे। एसीएस श्री दुबे ने कहा कि 4 नई नीतियों के लिए गाइडलाइंस का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में कॉन्क्लेव के दौरान किया जाएगा। एसीएस श्री दुबे ने जानकारी दी कि जीआईएस-2025 के दौरान की गई राज्य सरकार की प्रतिबद्धताएं अब धरातल पर उतरने लगी हैं। कई नई पहलें भी आज साकार होने जा रही हैं। आज %नो-क्वेरी पोर्टल% भी लॉन्च किया गया है, जहां आवेदक बिना भौतिक दस्तावेज प्रस्तुत किए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और 30 दिनों में जवाब प्राप्त कर सकते हैं। एसीएस श्री दुबे कहा राज्य में एवीजीसी क्षेत्र के लिए 4 उन्नत प्रयोगशालाएँ स्थापित करने और एक विशेष मीडिया पार्क बनाने की भी योजना है। एसीएस श्री दुबे ने बताया कि राज्य में प्रतिभाशाली युवाओं की बड़ी संख्या है, जो एवीजीसी सेक्टर में राष्ट्रीय नेतृत्व करने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने सभी उद्योगपतियों, निवेशकों को %मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव- 2025% में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।



# प्रदेश में कक्षा एक से 12वीं तक 72 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन

## अप्रैल माह में ही विद्यार्थियों तक पहुँची पाठ्य पुस्तकें

**भोपाल।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले लगभग 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश ले चुके हैं। कक्षा एक से 8वीं तक में लगभग 59 लाख 66 हजार से अधिक एवं कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नये शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं। प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू हुए नये शैक्षणिक सत्र में अब तक लगभग एक लाख 62 हजार से अधिक बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश हो चुका है। इनमें से लगभग एक लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों ने उनका प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया है। शेष करीब 35 हजार बच्चे निजी विद्यालयों की कक्षा एक में प्रवेश ले चुके है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष तक स्कूल चलें हम अभियान का संचालन जून माह में किया जाता था जिसे इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक अप्रैल से ही संचालित किया गया है। स्कूल चलें हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के नामांकन के लिए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 का एक अप्रैल को लोकार्पण किया था। पोर्टल के माध्यम से शालाओं में कक्षावार नामांकन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नामांकन का कार्य सतत प्रगति पर है तथा अधिकांश चिन्हित बच्चे निर्धारित कक्षाओं में प्रवेश ले रहे हैं। इस वर्ष समय डेटा के आधार पर कक्षा एक में प्रवेश के लिये योग्य बच्चों की ग्राम और वार्ड वार सूची भी शिक्षकों को पहले से ही उपलब्ध कराई गई है। जिससे शिक्षकों के द्वारा इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर शाला प्रवेश कार्य में सुविधा हो रही है। प्रदेश में परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा माह अप्रैल में ही की गई है। इस वजह से आशाजनक कक्षावार नामांकन का एक प्रमुख कारण यह भी है। प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के अलावा अन्य सभी कक्षाओं की स्थानीय परीक्षाओं और कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं के परिणाम भी इस वर्ष मार्च अंत तक घोषित किये जा चुके हैं, जिससे विद्यार्थियों के द्वारा आगामी कक्षाओं में समय से प्रवेश लिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष नवीन सत्रारंभ की पूर्व तैयारी इस प्रकार की जिसमें प्रथम दिवस एक अप्रैल से ही कक्षा शिक्षण में कोई कठिनाई नहीं हुई। इस के लिये योजना तैयार कर एक अप्रैल के पहले ही नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें विद्यालयों तक पहुंचाई गई। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण इस वर्ष एक अप्रैल से ही प्रारंभ हुआ। अद्यतन स्थिति में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक पाठ्य पुस्तकें शालाओं में उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सत्र में निःशुल्क गणवेश एवं निःशुल्क साईकिल वितरण भी जुलाई माह तक पूर्ण करने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

# मंत्री श्री सारंग ने बिजली नगर कॉलोनी में पार्क सहित विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। समारोह में मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पहले नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है। आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमि-पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग का बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है।



# पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियां हेतु 14 मई तक आवेदन आमंत्रित

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने आदेश जारी बताया कि पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियां/मछुआ स्व सहायता समूह/ मछुआ समूह 14 मई 2025 को सायं 5 बजे तक आवेदन जिला पंचायत दतिया में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पटटा आवंटन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। पंजीकृत समितियों को आवेदन के साथ ठहराव प्रस्ताव मछुआ सदस्य सूची, पंजीयन कार्यक्षेत्र एवं आर्डिट रिपोर्ट पूर्व एक वर्ष की प्रस्तुत करना होगा। मत्स्य पालन स्व सहायता समूह/मछुआ समूह का आवेदन के साथ समूह गठन संबधी ठहराव, बैंक खाता विवरण, अध्यक्ष चयन संबधी पत्र एवं सदस्य के जाति आय संबधी प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन से संबधित जानकारी विस्तृत निर्देश कार्यालय समय में जिला पंचायत दतिया एवं कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला दतिया में देखे जा सकते है।

# ई-केवायसी अनिवार्य, 30 अप्रैल तक जरूर करायें : मंत्री श्री राजपूत

## मेरा ई-केवायसी ऐप से पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी

**भोपाल।** राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि 9 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई लाभार्थी 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी पूरी नहीं कराते हैं, तो उसे मई महीने से राशन मिलने में असुविधा हो सकती है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी जरूर करायें। मंत्री श्री राजपूत ने जानकारी दी कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए ÷मेरा ई-केवायसी÷ नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी, चाहे वह वृद्ध, दिव्यांग या सामान्य व्यक्ति हो, घर बैठे अपनी और अपने परिजनों की ई-केवायसी कर सकता है। इसके लिए लाभार्थियों को अपने आधार नंबर और ओटीपी की आवश्यकता होगी। मंत्री श्री राजपूत ने सभी राशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी पूरी करवा लें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया समय पर पूरी करना बहुत जरूरी है ताकि मई से राशन वितरण में रुकावट नहीं आए।

**ई-केवायसी शिविरों का आयोजन**

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले के गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में पीओएस मशीन के जरिए हितग्राहियों की अंगूठा लगाकर ई-केवायसी की जा रही है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि यह शिविर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण की प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। टीम घर-घर जाकर इन लोगों की ई-केवायसी कर रही है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

# भितरवार व चीनोर क्षेत्र के चार गाँवो में लगी आग पर पूर्ण नियंत्रण पाया

## कलेक्टर श्रीमती चौहान मौके पर पहुँची, घायलों को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर में भर्ती कराया, आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पाया पूर्ण नियंत्रण, प्रभावित परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था भी कराई



**ग्वालियर।** जिले की भितरवार व चीनोर तहसील के चार ग्रामों में शनिवार की शाम लगी आग से प्रभावित लोगों को जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से मदद उपलब्ध कराई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बीएसएफ, नगर निगम एवं आंतरी व बिलौआ से फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर भिजवाई। साथ ही स्वयं भी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कि मदद से आग पर पूरी तरह नियंत्रण पर लिया गया है।आग में झुलसने से घायल हुए 3 लोगों को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर के जे ए एच व एक व्यक्ति को लिंक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन श्रीवास्तव को अग्नि दुर्घटना में घायल लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए अस्पताल भेजा है। जिला प्रशासन द्वारा अग्नि दुर्घटना से प्रभावित परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अग्नि दुर्घटना से हुए नुकसान का जल्द से जल्द आंकलन कर प्रभावित परिवारों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत राहत वितरित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए हैं। जिन लोगों के घर अग्नि दुर्घटना में जल गए हैं उन सभी को तात्कालिक सहायता के रूप में 50-50 किलो अनाज व अन्य खाद्य सामग्री कल सुबह यानि रविवार को उपलब्ध कराने की हिदायत भी उन्होंने दीं है। अग्नि दुर्घटनाओं से प्रभावित गांव में पशुचिकत्सा विभाग की टीम भी पहुँच गई है और घायल पशुओं का इलाज कर रही है।

स्वास्थ्य विभाग, बिद्युत, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के दल भी पहुँच गए हैं। एसडीएम भितरवार श्री संजीव जैन ने बताया कि शनिवार की शाम ग्राम भौरी, ररुआ, चीनोर व गढ़ी में आग लगने की घटनायें हुई हैं। अग्नि दुर्घटना में ग्राम ररुआ के चार लोग घायल हुए हैं। साथ ही कुछ पशु भी झुलस गए हैं। कुछ घरों में भी आग से नुकसान पहुंचा है।

# अग्नि दुर्घटना से प्रभावित ररुआ ग्राम में राजस्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

## प्रभावित परिवारों को भोजन कराया और राहत राशि के स्वीकृति पत्र सौंपे



**ग्वालियर।** चीनौर तहसील के ग्राम ररुआ में राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आग से हुए नुकसान सर्वे का काम रविवार को किया गया। साथ ही अग्नि दुर्घटना से प्रभावित ररुआ गाँव के विभिन्न परिवारों के लगभग 300 लोगों को दोनों टाईम का भोजन कराया। गाँव में प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जिला प्रशासन द्वारा कैंप लगाया गया है ।विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने राज्यशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न और राहत राशि स्वीकृति के स्वीकृति आदेश सौंपे। ज्ञात हो बीते रोज किसान द्वारा जलाई गई पराली एवं तेज आंधी के कारण ररुआ ग्राम में आग लग गई थी। जिला प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेडों की मदद से तत्परता के साथ आग पर काबू पाया गया साथ ही विधायक श्री मोहन राठौर व कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची और प्रभावित लोगों के भोजन व तात्कालिक आवासीय व्यवस्था कराई। समय पर सहायता मिलने पर ग्राम वासियों ने शासन व प्रशासन की सराहना की। एसडीएम भितरवार श्री संजीव जैन ने बताया कि रविवार को सर्वे के बाद ग्राम ररुआ में ही 57 परिवारों को खाद्यान्न के रूप में 40 किलो गेंहू व 10 किलो चावल, एक किलो नमक, तेल और मसालों के साथ साथ घरेलू सामग्री नष्ट होने पर 5 हजार रुपए की राशि एकमुश्त प्रति परिवार स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि जन हानि, पशु हानि व भवन हानि के लिए अलग से राशि स्वीकृत की जाएगी। श्री जैन ने बताया कि 2 दिन में सर्वे की कार्यवाही पूर्ण कर प्रभावित परिवारों को अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# ग्वालियर के थाना पड़ाव क्षेत्र में रात्रि में घर की राह भटकी 07 वर्षीय बालिका को डायल-112/100 एफआरव्ही ने परिजन से मिलाया



**ग्वालियर।** ग्वालियर के थाना पड़ाव क्षेत्र में फूल बाग चौराहे के पास एक 07 साल की बालिका मिली है, जो अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रही है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 26-04-2025 को रात्रि 07:11 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पड़ाव थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक अंकित शर्मा आरक्षक बलराम सिंह पायलेट सतेंद्र यादव ने मौके पर पहुँचकर बालिका को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के क्षेत्र में परिजन की तलाश की, परिजन की जानकारी मिलने पर एफ आर व्ही स्टाफ बालिका को परिजन के सुपुर्द किया । बालिका के परिजन द्वारा डायल-112/100 जवानों का आभार व्यक्त किया गया।

# प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 28 अप्रैल को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

## शहर भ्रमण कर विकास कार्यों का करेंगे निरीक्षण



**ग्वालियर।** जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 28 अप्रैल को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। श्री सिलावट इस दिन ग्वालियर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 28 अप्रैल को प्रातः लगभग 9:45 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस से ग्वालियर रेलवे स्टेशन पहुँचेंगे। श्री सिलावट यहाँ से सब्जी मंडी इंटर मैदान व पुरानी सब्जी मंडी का निरीक्षण करने जाएंगे। इसके बाद शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने जाएंगे। इन विकास कार्यों में सांदीपनि स्कूल (सीएम राईज स्कूल पटेल) के निर्माणाधीन भवन, किलागेट चौराहा सौंदर्यीकरण, थाने के पास नगर निगम की नवीन मार्केट, चार शहर का नाका से मल्लगढ़ा होते हुए पानी की निकासी व्यवस्था, आईएसबीटी, एलीवेटेड रोड, रेलवे स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म नं. 4 के बाहर मुख्यमार्ग एवं बहोड़ापुर से कटीघाटी व बहोड़ापुर से मोतीझील मार्ग शामिल हैं। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 28 अप्रैल के अपरान्ह में लगभग 4 बजे से मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के साथ महाराज बाड़े पर गवर्नमेंट प्रेस के जीर्णोद्धार कार्य, सब्जी मंडी छत्री बाजार , राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्टेडियम व व्यायाम शाला छत्री बाजार, मेहराव साहब की तलैया पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्य, गिरवाई पुलिस चौकी के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्टॉप डेम व हनुमान बांध के भूमिगत चैनल, गिरवाई नाका व हनुमान बांध पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के कार्य एवं स्वर्णरेखा पर चल रहे एलिवेटेड रोड कार्य का निरीक्षण करेंगे। शहर के विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी प्रभारी मंत्री श्री सिलावट के साथ मौजूद रहेंगे। श्री सिलावट रात्रिकाल लगभग 12:30 बजे स्टेशन पहुँचकर रेल मार्ग द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रायवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया 5 मई से

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये दिशा-निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला सहित प्रदेश भर में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किये गए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई, 2025 को निःशुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय (प्रायवेट) स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा। आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्धारित तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

# फायर ब्रिगेड ने तत्परता से बुझाई अनेक स्थानों पर आग



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर के फायर ब्रिगेड शाखा द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर तत्परता से कार्य करते हुए सूचना मिलने पर फायर वाहन रवाना कर अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू पाया गया। फायर ऑफिसर श्री उमंग प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री सतपाल सिंह चौहान के निर्देशन में दिनांक 27.04.2025 को रात्रि 1.50 बजे आनंद नगर रमेश पैलेस के पास डीपी में। लगी आग को तत्काल बुझाया गया। प्रातः 10 बजे शिवपुरी लिंक रोड रिवाज गार्डन में लगी डीपी में लगी आग को एक गाड़ी पानी फायरिंग कर बुझाया गया। प्रातः 10.30 बजे ग्राम रारुआ एवं आस पास के गांवों में आग बुझाने हेतु फायर वाहन रवाना किया गया। वाहन 15 गाड़ी पानी फायरिंग कर चुके है। कार्य अभी भी जारी है। पुलिस कंट्रोल रूम से विक्की फैक्ट्री के पास रामपुरा गांवों एवं जोरासी पर रोड किनारे जंगल में आग की सूचना पर एक एक फायर वाहन दोनो जगह रवाना किया गया। रामपुरा में आग अधिक होने से 02 फायर वाहन और रवाना किए गए। जिनसे अभी तक 5 गाड़ी पानी फायरिंग की गई हैं। कार्य जारी है। 3.35 बजे हॉस्पिटल रोड पर नाट्य मंदिर गौशाला में आग की सूचना पर तत्काल फायर वाहन रवाना किया गया। एक गाड़ी पानी फायरिंग कर आग को तत्काल बुझाया गया। आग से दो गाय जलने के कारण गंभीर अवस्था में एनिमल एंबुलेंस से रवाना की गई। गौशाला में भट्टी पर बन रहा खाना आग लगने का कारण बताया गया, जिससे भूसे एवं लड़कियो में आग लगी। 4.15 बजे गुड़ा पुलिया में गिरी गाय को फायर ब्रिगेड द्वारा सुरक्षित बचाया गया। बाड़ा सब फायर स्टेशन पर आकर श्री बाबूलाल चोरसिया जी ने आकर बताया कि दोलतगज Transformer में आग लगी है सूचना मिलते ही तत्काल पहुंचे आग को पानी फायरिंग कर पूर्ण रूप से बुझाया। सीपी कॉलोनी मुरार में खाली प्लॉट में लगी आग को एक गाड़ी पानी फायरिंग कर पूर्ण रूप से बुझाया गया।

# शहर के नागरिकों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**ग्वालियर।** आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छ ग्वालियर स्वस्थ ग्वालियर के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था डिवाईन द्वारा चिड़ियाघर घूमने आए लोगों को प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करने के बार मे समझाइस दी गई, इससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे समझाया गया, कपड़े की थैलियों व अन्य बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करने के बारे मे बताया गया साथ ही 4 बीन सेग्रिगेशन के बारे में जानकारी देकर अपने घर, गली- मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानो मे सफाई रखने के लिए आग्रह किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, घर में चार डस्टबिनों की व्यवस्था करने तथा कचरा केवल निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया। आज चिड़ियाघर पर आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। GFC सर्वेक्षण के तहत सभी वार्डों में 4 डस्टबिन तथा होम कंपोस्टिंग तैयार करवाए गए और उनका निरीक्षण किया जा रहा हैं।

# होर्डिंग स्ट्रैक्चर एवं यूनीपोल के स्ट्रैक्चरों का करायें संधारण कार्य

**ग्वालियर।** निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेन्सियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन किया जा रहा है। एसे स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा कर विज्ञापन शाखा को अवगत करायें। उपायुक्त विज्ञापन शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार नगर निगम ग्वालियर सीमा अन्तर्गत समस्त निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेन्सियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है जिसमें तेज हवायें, आंधी, बारिश के कारण कोई दुर्घटना न हो इस बावत समस्त भूमि भवन स्वामी, विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सी जिन के भवन पर लोहे के स्ट्रैक्चर, अन्य प्रकार के स्ट्रैक्चर के माध्यम से होर्डिंग, भूमि पर यूनिपोल लगा कर विज्ञापन किया जा रहा है। ये स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से 7 दिवस में करा कर विज्ञापन शाखा को अवगत कराना सुनिश्चित करें। यदि आपदा में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होती तो निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सीयों की जबाबदेही होगी।

# बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार कृत संकल्पित- मंत्री श्री कुशवाह

## नवग्रह कॉलोनी में कन्याओं से कराया सीसी रोड का भूमि पूजन



**ग्वालियर।** ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरी बस्तियों के सुनियोजित विकास के लिए कृत संकल्पित है। यह बात सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह रविवार को ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-38 में स्थित नवग्रह कॉलोनी के सेक्टर-1 में सीसी रोड का भूमिपूजन करने पहुँचे थे। नवग्रह कॉलोनी की विभिन्न गलियों में सीसी सड़कों के निर्माण के लिए मंत्री श्री कुशवाह ने अपनी विधायक निधि से 15 लाख रुपए की राशि मंजूर की है। उन्होंने स्थानीय कन्याओं के द्वारा इन सीसी रोड का भूमि पूजन कराया। इस अवसर पर श्री कुशवाह ने कहा कि लश्कर क्षेत्र की सभी बस्तियों में विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में श्री भगवान सिंह कुशवाह तथा पूर्व सभापति नगर निगम श्री राकेश माहौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी एवं क्षेत्रीय बस्तियों के निवासी मौजूद थे।

# केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 की द्वितीय पाली में मना प्रवेश उत्सव

**ग्वालियर।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 द्वितीय पाली में दिनांक 19 अप्रैल 2025 को कक्षा एक का प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें दीप प्रज्वलन विद्यालय की प्रभारी उप प्राचार्या पी रेनू मैडम के द्वारा किया गया तत्पश्चात श्वेता मैडम के निर्देशन में बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया , कार्यक्रम का संचालन श्री कुलदीप मीणा एवं लवलेश शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्री सतीश जाटव द्वारा किया गया ढ्ढ इस अवसर पर श्री मुकेश रावत सर गौरव पचोरी , जयति मैडम ,संगीत शिक्षिका श्वेता सिंह आदि उपस्थित थे।

# निगम परिषद की बैठक आज

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन सोमवार 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 3 बजे सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर ग्वालियर दक्षिण विधानसभा की संगोष्ठी आयोजित

## एक राष्ट्र एक चुनाव से देश और देश की जनता का समय और पैसा दोनों का बचत होगी- नारायण सिंह कुशवाह, एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से विकास कार्यों को पंख लगेंगे- जयप्रकाश राजौरिया

**ग्वालियर।** भाजपा द्वारा आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में किया गया। जिसे उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने संबोधित किया। उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव भारत के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह अभियान भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। एक राष्ट्, एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा,बल्कि शासन की निरंतरता एवं विकास की गति को भी सुनिश्चित करेगा,आज देश में अलग-अलग राज्यों के आम चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

इससे एक बड़ी राशि तो खर्च होती ही है, साथ ही देश की जनता का काफी समय बर्बाद होता है। चुनाव से पूर्व आचार संहिता लग जाती हैं, और उस दौरान विकास संबंधित सारी योजना ठप पड़ जाती है। कुल मिलाकर विकास की तमाम गतिविधियों पर ब्रेक लग जाता है। ऐसे में अगर देश में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम लागू होता है तो देश और देश की जनता का समय और पैसा दोनों का बचत होगी। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि साल भर चुनाव होते हैं, जिससे विकास ठप हो जाता है। एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से विकास कार्यो को पंख लगेंगे और सरकारी व्यवस्थाओं का दोहन भी रुकेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन नेशन वन इलेक्शन का जो सपना देखा है, उसे हम सब को मिल कर साकार करना है उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हो जाने से देश की कई बड़ी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। केंद्र सरकार का प्रयास है कि सबकी सहमति से एक राष्ट्र में एक चुनाव हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्, एक चुनाव केवल नीतिगत बदलाव नहीं है, बल्कि दूरदर्शी सुधार है। यह केवल नीतिगत बदलाव नहीं है, यह विकसित भारत का मार्ग है। कार्यकर्ताओं को इस मिशन को जमीनी स्तर पर ले जाना चाहिए, ताकि यह एक वास्तविक जन आंदोलन बन सके। उन्होंने कहा, बार-बार चुनाव होना देश के लिए एक बड़ी समस्या, एक बड़ा मुद्दा बना है। विगत 30 वर्ष में भारत में एक भी साल ऐसा नहीं गया जब चुनाव न हुआ हो। यानी लगातार 30 वर्षों से भारत में कहीं ना कहीं चुनाव होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी देश में कहीं कोई नया परिवर्तन होता है तो उसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। देश और दुनिया के इतिहास को देखें तो हमेशा परिवर्तन की शुरुआत युवाओं ने की है। मेरा मानना है कि भविष्य में देश की राजनीति बदलेगी और उसकी भी शुरुआत आने वाले दिनों में युवा ही करने वाले हैं। संगोष्ठी को पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर ने भी संबोधित किया। एक राष्ट्रीय एक चुनाव पर संगोष्ठी की रूपरेखा जिला संयोजक रामेश्वर भदौरिया ने रखी। कार्यक्रम का संचालन संयोजक धर्मेंद्र नायक ने एवं आभार मंडल अध्यक्षअमर कुटे ने व्यक्त किया। इस मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, जिला महामंत्री विनोद शर्मा,विनय जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी सिंह नवीन चौधरी,पार्षद मोहित जाट,मंडल अध्यक्ष अमित बंसल,कौशलेन्द्र राजावत,गोपाल गांगिल, सुनील भदौरिया,राहुल राजपूत, सपना पाल, सत्येंद्र तोमर, नरेंद्र चौहान, मनोज भार्गव,भूपेंद्र राजपूत, किशोर राठौड़,मनोज वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैजाताल में गंदगी करने पर दो आउटसोर्स श्रमिकों की सेवाएं समाप्त

**ग्वालियर।** वायरल वीडियो के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार बैजाताल में गंदगी करने वाले दो आउटसोर्स श्रमिक श्री मनोज सिंह मौर्य एवं श्री मनीष सेंगर की सेवाएं संबंधित एजेंसी को वापस की गई। उपायुक्त सामान्य प्रशासन विभाग ने बताया निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उक्त दोनों श्रमिकों द्वारा किए गए कृत्य से निगम की छवि आमजन में धूमिल हुई है जिसके चलते उक्त दोनों श्रमिकों की सेवाएं संबंधित एजेंसी को वापस की गई।

## संपादकीय

# पाकिस्तान बौखलाया हुआ

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल पल्राप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा। इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है। यहां के नागरिक पाकिस्तानी सरकार और सेना के जुल्म से मुक्ति पाने के लिए आंदोलनरत हैं। वे भारत जैसे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश के साथ रहना चाहते हैं। पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में बन गई है, जो आतंकवाद का केंद्र है। कोई भी सभ्य नागरिक ऐसे देश में रहना नहीं चाहता। इसीलिए वहां के नागरिक पीओके के भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। उम्मीद है कि देर-सबेर उनका यह सपना पूरा होकर रहेगा।

# लू लगने के लक्षण, बचाव के उपाय और जरूरी सावधानियां

(डॉ.शिप्रा शर्मा-विनायक फीचर्स)



तेज गर्मी ने इन दिनों सभी को परेशान किया हुआ है। पारा 40 के ऊपर पहुंच रहा है। तेज गर्मी के बीच, हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी है। लू लगने के लक्षण क्या है, इससे बचाव करने में कौन-से घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं, चलिए समझते हैं। इन दिनों गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है और पारा रोज ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अप्रैल माह में ही पारा 40 के आस-पास पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून में गर्मी क्या रिकॉर्ड तोड़ेगी, इसे लेकर अभी से सभी के मन में चिंता के बादल छाए हुए हैं। तेज गर्मी का असर हमारी सेहत पर भी होता है। तपिश वाले मौसम का असर, शरीर के हर अंग पर होता है और ऐसे में अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के महीनों में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी हो जाता है। हीट स्ट्रोक क्या है, गर्मी के मौसम में इससे कैसे बचना चाहिए, लू लगने पर शरीर में क्या लक्षण नजर आते हैं और किन घरेलू नुस्खों से आप खुद को इससे बचा सकते हैं।

हीट स्ट्रोक या लू के क्या लक्षण होते है ?

गर्मियों के मौसम में अधिक तापमान, सेहत के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी है। जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता है, तो हीट स्ट्रोक होता है। ऐसा हाई टेम्प्रेचर में बहुत अधिक समय तक रहने या अधिक एक्सरसाइज के कारण होता है। इसके लक्षणों को समय पर पहचानकर, तुरंत इलाज करने से खतरे को कम किया जा सकता है। लू लगने पर स्किन लाल हो जाती है, दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सिर में दर्द होता है, उल्टी महसूस होती है, मांसपेशियों में दर्द होता है और पसीना अधिक आता है। हीट स्ट्रोक की वजह से कई बार काम करने में और किसी चीज पर ध्यान देने में भी मुश्किल होती है। इसकी वजह से बेहोशी भी आ सकती है।

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें ?

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए खुद को हाइट्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिन भर अधिक से अधिक पानी पिएं। शुगर वाली ड्रिंक्स, कॉफी और एल्कोहल से दूर रहें। इनसे डिहाइड्रेशन हो सकता है। अगर आप कोई फिजिकल एक्टिविटी कर रहे हैं, तो इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स जरूर लें।

हवादार, हल्के रंग के और ढीले-ढाले कपड़े पहनें। इनसे शरीर ठंडा रहता है। वहीं, टाइट और गहरे रंग के कपड़े हीट को सोखते हैं और शरीर को गर्म रख सकते हैं। धूप में अधिक समय न बिताएं। दिन में आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी न करें। फिजिकल एक्टिविटी सुबह या शाम के वक्त करें। बाहर निकलते वक्त खुद को यूवी रेज से प्रोटेक्ट करने के लिए, टोपी और चश्मे पहनें। सनस्क्रीन भी जरूर लगाएं।

दिन में 10 बजे से 4 बजे के बीच घर के अंदर ही रहें। इस समय पर गर्मी अधिक होती है।

जब आप बाहर जाएं, तो पेड़ों या छाते की छाया में ही रहें और सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें।

बाहर काम या एक्सरसाइज करते वक्त खुद को एकसाथ ज्यादा न थकाएं और थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक जरूर लें। बच्चे, बड़े-बुजुर्गों और जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है, उनका ज्यादा ख्याल रखें क्योंकि उन्हें गर्मी से जुड़ी बीमारियां जल्दी घेर सकती हैं।

बच्चों को फॉर्मूला मिल्क या ब्रेस्ट मिल्क से हाइड्रेट रखें और उन्हें हल्के कपड़े पहनाएं।

डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक का मुख्य कारण है। ऐसे में दिन भर खूब सारा पानी पिएं। आप जूस, हेल्दी ड्रिंक्स को भी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। आप लोग बुखार महसूस करते हैं तो पेरासिटामोल /बुखार की कोई दवा अपने आप न ले पहले अपने चिकित्सक की सलाह लें।

## शब्द सामर्थ्य - 031

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## व्यंग्य

# स्वतंत्रता और राष्ट्र-विरोधी नैरेटिव में अंतर

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विभूति फीचर्स)



सोशल मीडिया में खालिस भारतीय 'विदेशी भक्त' और उनके दोहरे चरित्र देखने लायक हैं। भारत के डिजिटल जंगल में इस नई प्रजाति का उदय हुआ है , जिनकी ज़ुबान 'वैश्विक नागरिकता' का राग अलापती है, पर भारत की आस्तीन में छुपा उनका 'घर' किसी और ही महाद्वीप का पता बताता है। ये वो शख्सियतें हैं जो भारत की मिट्टी में पलती-बढ़ती हैं, पर उनकी नज़रें हमेशा विदेशी ÷स्टैंडर्ड्स÷ के पैमाने से ही देश को नापती हैं। अगर कोई भारत सरकार की आलोचना करे, तो ये उसकी पीठ थपथपाने को तैयार मिलते हैं। यदि सरकार के समर्थन में कुछ लिख दिया तो यह ब्रिगेड भक्त का टाइटिल देने में देर नहीं लगाती , इस तरह वे स्वयं को कथित सेक्युलर साबित करने में जुट जाते हैं। विदेशी सरकारों के मुंह से भारत पर कोई टिप्पणी निकले, तो ये उसे "सच्चाई का आईना" घोषित कर देते हैं। आस्तीनों में बसे इनके 'घर' की नींव तो शायद , न्यूयॉर्क या जेनेवा की मिट्टी से बनी है! इनके रहने वाली बांबी भीतर ही भीतर पाकिस्तान और बंगलादेश तक जुड़ी हुई है। इनका व्यंग्य-शस्त्रागार बेहतरीन होता है। सरकार ने कोई नीति बनाई? तुरंत ट्विटर पर ट्रेंड करो- ÷अरे, स्वीडन में ऐसा होता तो...÷। किसी भारतीय संस्था ने कोई उपलब्धि हासिल की? ÷ ..पर सिंगापुर में तो ये सालों पहले...÷। ये लोग ÷कॉम्पेयर एंड डिस्पेयर÷ के मास्टर हैं। इन्हें पता ही नहीं कि स्वीडन की आबादी भारत के एक छोटे राज्य जितनी है, या सिंगापुर का भूगोल चंडीगढ़ से छोटा है। पर इन्हें यथार्थ से क्या लेना-देना? इनका काम ÷वर्चुअल एक्सपर्ट÷ बनकर अपने ही देश को लताड़ना है। ये अभिव्यक्ति की ÷आज़ादी÷ की दुहाई देते हैं, पर इनकी परिभाषा में आज़ादी सिर्फ़ सरकार की आलोचना करने तक सीमित है। अगर कोई इनसे पूछे, ÷भई, आप जिस देश को आइडियल मानते हो, वहाँ तो पुलिस प्रोटेस्टर्स पर घोड़े दौड़ाती है!÷ तो जवाब मिलता है ÷वो अलग बात है, वहाँ की सरकार 'परफेक्ट' है। यानी, इनके लिए आलोचना का अधिकार सिर्फ़ भारत के लिए रिज़र्व्ड है। बाकी दुनिया?, उन्हें तो "समझने की ज़रूरत" है! ये विदेशी मीडिया के प्रति 'हैलो प्रिंसिपल' सिंड्रोम से ग्रस्त होते हैं। ये अंग्रेजी जानते हैं, विदेशी मीडिया के प्रति बेहिसाब लगाव रखते हैं। किसी विदेशी मीडिया ने भारत पर कोई रिपोर्ट छापी, तो ये उसे "गॉस्पल" मानकर शेयर करते हैं। पर अगर भारतीय मीडिया विदेशों में हो रहे अत्याचारों की बात करे, तो ये उसे "प्रोपेगैंडा" बताते हैं। इनके मुताबिक़, "ऑब्जेक्टिविटी" की मोहर सिर्फ़ विदेशी चैनलों पर लगती है। और हाँ, अगर कोई भारतीय इस दोहरे मापदंड पर सवाल उठाए, तो वह "अंधभक्त" कहा जाता है! इनके ट्वीट्स और पोस्ट्स देखकर लगता है मानो भारत की हर समस्या का समाधान विदेशी सलाहकारों के पास है। गंगा प्रदूषण? "यूरोपियन एक्सपर्ट्स को बुलाओ!" किसान आंदोलन? ÷यूएन को हस्तक्षेप करना चाहिए!" पर इन्हें यह नहीं सूझता कि जिन देशों को ये "रोल मॉडल" मानते हैं, उन्होंने अपनी समस्याएँ खुद सुलझाई थीं। स्वदेशी समाधानों पर भरोसा? अरे, वो तो ÷रिग्रेसिव÷ है! वेस्टर्न वैलिडेशन "चाटुकारिता" का नया अवतार , ये लोग भारत के "सॉफ्ट पावर" पर तब तक शक करते हैं, जब तक कि कोई विदेशी उसे वैलिडेट न कर दे।

## सू- दोकू क्र.031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी सेहत में सुधार आएगा।

**वृषभ** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकझोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नए-नए अनुभव मिलेंगे। मानसिक उलझन का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपको किसी प्रकार के कोर्ट कचहरी के मामले में पड़ने से बचना चाहिए। रिश्तेदारों के घर आने से दिनभर का शेड्यूल बदल सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जाएगा।

**सिंह** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज आपके पारिवारिक सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। लवमेट के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

**तुला** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने चतुराई से घरेलू मुद्दों को हल करने में सक्षम होंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर समय बिताएंगे। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकाले और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें। आज कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बनाएंगे। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आज आप भक्तिमय रहेंगे, किसी प्रकार की अध्यात्मिक किताब पढ़कर समय व्यतीत करेंगे। आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा, आज आपके सारे काम सफल रहेंगे।

**मकर** — आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों को छुएंगे। ऑटो-मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे। किसी से चल रही अनबन आपके कोशिश करने से समाप्त हो जाएगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जाएगा। आज अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। संतान के करियर को लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है कहीं बाहर घूमने का प्लान बन सकता है।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। कुछ लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की तारीफ हो सकती है। आज आपका खर्चा बढ़ेगा, लेकिन इनकम भी होगी। महिलाएं किचन में काम करते समय सावधानी बरतें।

# कुमाऊँ की धरती में चलती है श्री बद्रीनाथ जी डोली

(रमाकांत पंत -विभूति फीचर्स)

**गंगोलीहाट के कनारा गूथ गाँव में स्थित भगवान श्री बद्रीनाथ जी का मन्दिर प्राचीन समय से परम पूज्यनीय है। माँ कनारा देवी के आँचल में स्थित बद्रीनाथ जी के इस मन्दिर के बारें मे अनेक दंत कथाएँ प्रचलित है। इस मंदिर की भव्यता आध्यात्म की विराट आभा को दर्शाती है। यहां आने वाले आगन्तुक बरबस ही यहां की आध्यात्मिक आभा में पहुंचकर स्वयं को धन्य मानते हैं। कुमाऊँ मण्डल के गंगोलीहाट क्षेत्र में स्थित भगवान बद्रीनाथ जी का यह मन्दिर हालांकि तीर्थाटन की दृष्टि से गुमनामी के साये में है लेकिन जिन भक्तों को यहाँ के बारे मे जानकारी है वे अकसर भगवान बद्रीश की कृपा प्राप्त करने के लिए यहाँ पधारते है।**

भगवान बद्रीनाथ जी का यह मन्दिर रामगंगा के किनारे स्थित है। मान्यता है कि तमाम पौराणिक मंदिरों की भांति ही नारायण का यह दरबार प्राचीन गाथाओं को समेटे हुए है । इस गाँव के निवासी सूरज सिंह भण्डारी ने बताया कि सैकड़ो वर्ष पूर्व जब कुमाऊँ की धरती पर राजाओं का शासन हुआ करता था उस दौर में नेपाल के राजा की प्रेरणा से कुमाऊं के राजा ने यह भूमि भगवान बद्रीनाथ जी को दान में दी थी। इस गाँव के निवासी भण्डारी उपजाति के लोग है। बद्रीनाथ जी को भोग जिसे स्थानीय भाषा में नैनाक कहा जाता है। अर्पित करने नेपाल से कुमाऊँ के रास्ते बद्रीनाथ जाया करते थे, नेपाल के राजा की प्रेरणा से कुमाऊँ के राजा ने उन्हें यह भूमि प्रदान कर इस भूमि में एक परिवार को बसाया ओर यह भूमि भगवान बद्रीनाथ को समर्पित की, और कहा आप लोग इस भूमि में सुखपूर्वक रहकर अन्न उत्पन्न करें और उपज का पहला भोग (नैनाक) भगवान बद्रीनाथ को समर्पित करें, राजाज्ञा के पश्चात् भगवान विष्णु की कृपा से बद्रीश भक्त भण्डारी परिजनों ने इस भूमि में भगवान बद्रीनाथ धाम की स्थापना की। यह प्राचीन भोग परम्परा आज भी कायम है। मान्यता है कि भगवान बद्रीनाथ माँ कनारा के भाई है। प्रत्येक वर्ष चैत्र की पहली नवरात्र को भगवान बद्रीनाथ अपनी बहन माता भगवती को भिटौली देने जाते हैं, जो इस भूमि की कुलदेवी हैं। परम कल्याणिका देवी के रूप में यहाँ माँ कनारा देवी की पूजा होती है। संकट हरण मंगल करणी देवी के रूप में भक्तजन इन्हें पूजते है कुमाऊँ के वीरों की गौरव गाथा को भी कनारा गाँव अपने आप में समेटे हुए है।




वीर चक्र विजेता माँ काली के परम भक्त स्वर्गीय श्री शेर सिंह भंडारी ने इसी भूमि पर जन्म लेकर भारतीय सेना का मान बढ़ाया। हाट काली के शक्ति स्थल पर पहली मूर्ति की स्थापना सन् 1950 में पहले गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीर चक्र से सम्मानित स्व. श्री भण्डारी ने ही स्थापित करवायी।

कुमाऊँ की धरती में बद्रीनाथ जी का एक प्राचीन मन्दिर सोमेश्वर क्षेत्र में भी है। श्री बद्रीनाथ जी की भांति ही यहाँ प्राचीन मूर्ति के दर्शन होते है कहा जाता है कि बद्रीश जी की यह मूर्ति स्वय विश्वकर्मा जी ने बनाई। गंगोलीहाट के कनारा गूंथ का बद्रीनाथ मंदिर भी मुख्य मंदिर बद्रीनाथ की भांति परम पूजनीय है। कुल मिलाकर कनारा गूंथ गाँव का आध्यात्मिक महत्व बड़ा ही निराला है। यहां भगवान बद्रीनाथ जी की डोली हर वर्ष चैत्र माह की पहली नवरात्र को अपनी बहन माँ कनारा देवी से मिलने व भिटौली देने निकलती है।

गंगोलीहाट से कनारा गूंथ की दूरी दस किलोमीटर है, जरमालगांव से कनारा गूंथ के लिए वीर चक्र विजेता श्री शेर सिंह भंडारी सड़क है जिसका निर्माण एक वर्ष पहले ही हुआ है।

यह सड़क माता देवी कनारा मां धाम की परिक्रमा करती है। गंगोलीहाट, पिथौरागढ़, जरमालगांव, बुरसम, बोयल, नाली अनेक गांवों से भक्त जन इस भिटोल प्रथा में आराधना के श्रद्धा पुष्प अर्पित करने व दर्शन करने आते हैं देवी कनारा धाम और बद्रीनाथ धाम में करीब 3 किलोमीटर परिक्रमा है, भगवान बद्रीनाथ धाम कनारा गूंथ के मध्य स्थित है। इस अवसर पर यहां साधू संतो का भी आवागमन होता है।

# उप मुख्यमंत्री ने डायबीटिक फुट कार्यशाला का किया शुभारंभ

## रीवा मेडिकल हब बनने के लिए तेजी से है अग्रसर : उप मुख्यमंत्री

## विकसित भारत का सपना लोगों के स्वस्थ रहने पर ही साकार होगा : उप मुख्यमंत्री




**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सयाजी होटल में आयोजित तीसरी डायबीटिक फुट कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रीवा मेडिकल हब बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। बाहर जाने वाले लगभग पचास प्रतिशत जटिल रोगी अब रीवा में ही इलाज करा रहे हैं। विकसित भारत का सपना लोगों के स्वस्थ होने पर ही साकार होगा।

चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार अनुसंधान से नई तकनीकों से अधिक कारगर उपचार सुविधाएं विकसित हो रही हैं। इस तरह के आयोजनों से चिकित्सकों को आपस में संवाद करने और अपने ज्ञान को बेहतर करने का अवसर मिलता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खान-पान की आदतों और जीवनशैली के कारण डायबिटीज का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण पैरों में कई तरह की जटिलता आती हैं और कई बार पैर काटने पड़ते हैं।

यह कार्यशाला लोगों को जागरूक करने और रीवा में डायबीटिक फुट की प्रभावी उपचार व्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला में चिकित्सकों ने समर्पण के भाव से जो संवाद किया है उसके सुखद परिणाम निकलेंगे। कार्यशाला से सामने आए तथ्यों को लागू करने के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रयास करें। हम समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक स्वस्थ भारत का संदेश पहुंचाएंगे। रीवा में चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। शीघ्र ही दो सौ बेड का कैंसर अस्पताल शुरू हो रहा है। इसमें कैंसर के उपचार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिकतम मशीनें रहेंगी। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की सुविधाओं को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है।

आयुष्मान कार्ड योजना से उपचार कराने में भी रीवा प्रदेश में सबसे आगे हैं। कार्यशाला में इंडियन कोडायट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एपी सूरी ने कहा कि 2009 में संस्था का गठन किया गया। डायबिटीज के कारण पैरों में कई तरह की समस्याएं आती हैं। इनका समय पर इलाज न होने पर पैर काटने तक की नौबत आ जाती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य डायबिटिक फुट के उपचार की सुविधाएं मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिला स्तर पर उपलब्ध कराने की है। हम दो साल तक यदि जागरूकता अभियान चलाएं तो मध्यप्रदेश को पाँच साल में डायबिटिक फुट के रोग से मुक्त कर देंगे। समारोह में कार्यशाला के संयोजक तथा पूर्व डीन डॉ मनोज इंदुलकर ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के विशेष प्रयासों से रीवा में चिकित्सा सेवाओं में तेजी से विस्तार हो रहा है।

रीवा में 24 और 25 अक्टूबर को डायबिटीज पर नेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में आबादी का लगभग 12 प्रतिशत डायबिटीज से ग्रस्त है। इसके कारण पैरों में भी समस्या आती है। कार्यशाला में देश भर से आए विशेषज्ञों ने डायबिटिक फुट के उपचार के संबंध में सारगर्भित विचार और सुझाव दिए हैं।

कार्यशाला में डॉ एमआर पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मिश्रा, डॉ उमेश मसंध, डॉ आलोक दुबे, डॉ प्रदीप निगम, डॉ लवकुश तिवारी, डॉ अनुराग चौरसिया सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।

# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

## नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत लागू है प्रतिबंधात्मक आदेश

**रीवा,कासं.।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में 17 मार्च से लागू है। आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश की व्यक्तिश~ तामीली संभव नहीं होने के कारण इसे भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी गई है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें।

इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर इसको स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। किसान यदि गेंहू के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

# भेड़ौरा नदी के पुनर्जीवन के लिए उठे सैकड़ों श्रमदानियों के हाथ

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटौरा में भेड़ौरा नदी की साफ-सफाई की गई



**रीवा,कासं.।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटौरा में भेड़ौरा नदी तथा उसके घाटों की साफ-सफाई की गई। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जन अभियान परिषद, स्वैच्छिक संगठनों व ग्रामीण नदी पुनर्जीवन, श्रमदान व जल संवाद कार्यक्रम में सहभागी हुए। सीईओ जिला पंचायत तथा उपस्थित सभी श्रमदानी नदी में उतर कर नदी व घाटों की सफाई की। इसके बाद नदी तट पर उपस्थित जन समूह के साथ जल व नदियों की महत्ता पर संवाद किया। संवाद के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि जल के सभी स्त्रोत जीवन सभ्यता के लिए अनिवार्य है। इनका संरक्षण करना समाज की जिम्मेदारी है। शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश की सभी जलीय संरचनाओं के संरक्षण का महाभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत नदियों, तालाबो, बाबड़ियों, पोखरों व अन्य जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन किया जा रहा है। इन सभी संरचनाओं के संरक्षण के लिए समुदाय व नागरिकों को भी जुटना होगा, तभी हम अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित जल और भविष्य दे पाएंगे। इस अवसर पर जन अभियान परिषद रीवा के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा रखते हुए भेड़ौरा नदी की भौगोलिक व वर्तमान स्थिति व अभियान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सीईओ जनपद रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह, समाजसेवी प्रदीप गौतम सुमन, योगेंद्र शुक्ल, सुषमा शुक्ल, राजराखन पटेल द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जीएन श्रीवास्तव, नवांकुर व प्रस्फुटन संस्था के प्रतिनिधि, पत्रकार बन्धु, समाजसेवी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



## उप मुख्यमंत्री ने नवीन सर्किट हाउस भवन का किया निरीक्षण

**रीवा,कासं.।** नवीन सर्किट हाउस भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही इसके लोकार्पण कराए जाने की संभावना है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस भवन का निरीक्षण किया तथा इसके लोकार्पण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रीवा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा भी की।

## एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**रीवा,कासं.।** एम पी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने रीवा समेत प्रदेश के अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है। पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता इस प्रकार देय रहेगा।7 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा। 3 लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7 प्रतिशत होगी। 3 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है। जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं या किराया रहित आवास के बदले कोई अन्य भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें गृह भाड़ा भत्ता देय नहीं होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### मार्केट आउटलुक : तिमाही नतीजे, ऑटो सेल्स और आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुझान

**मुंबई ,ए.।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे, ऑटो सेल्स, आईआईपी एवं एफआईआई डेटा और आर्थिक आंकड़ों का असर शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। अगले हफ्ते अदाणी ग्रीन, अदाणी टोटल गैस, केपीआईटी टेक, टीवीएस मोटर्स, अंबुजा सीमेंट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीपीसीएल, अदाणी पावर, जेएसडब्ल्यू इंफ्रा और वेदांता जैसी बड़ी कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया जाएगा। इसे अलावा, मार्च के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े 28 अप्रैल को आएंगे। वहीं, 1 मई को ऑटो सेल्स के आंकड़े आएंगे, जिसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। वैश्विक स्तर पर अगले हफ्ते अमेरिका की जीडीपी से जुड़े अहम डेटा जारी किए जाएंगे, जिसमें पहली तिमाही का जीडीपी डेटा और जॉबलेस क्लेम शामिल हैं। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब 0.80 प्रतिशत बढ़कर क्रमश~ 79,212.53 और 24,039.35 पर बंद हुए। बाजार में तेजी की वजह अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के लेकर सकारात्मक अपडेट आना और भारतीय बैंकों की ओर से अच्छे नतीजे पेश करना रहा। 21-25 अप्रैल की अवधि में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) शुद्ध खरीदार रहे और इस दौरान करीब 17,800 करोड़ रुपये का निवेश किया। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने कैश सेगमेंट में करीब 1,132 करोड़ रुपये का निवेश किया।

अगले हफ्ते 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर शेयर बाजार में अवकाश रहेगा। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के डायरेक्टर, पुनीत सिंघानिया के मुताबिक, लगातार दूसरे हफ्ते निफ्टी सकारात्मक बंद हुआ है। अच्छी बात यह है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मुख्य सूचकांक 24,000 से ऊपर की क्लोजिंग देने में कामयाब रहा है। फिलहाल इसके लिए 24,360 एक बड़ा रुकावट का स्तर है। अगर यह इसके ऊपर निकलता है तो 24,700 के स्तर भी देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा गिरावट की स्थिति में निफ्टी के लिए 23,800 और 23,500 एक अहम सपोर्ट स्तर है।

### मारुति सुजुकी इंडिया का चौथी तिमाही का मुनाफा 4 प्रतिशत गिरा, कंपनी ने की 135 रुपए लाभांश की घोषणा

**मुंबई ,ए.।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.29 प्रतिशत घटकर 3,711.1 करोड़ रुपए रह गया। जबकि, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3,877.8 करोड़ रुपए था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, मार्च 2025 की तिमाही में कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 प्रतिशत बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 5.86 प्रतिशत बढ़कर 38,848.8 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 36,697.5 करोड़ रुपए था। ऑटोमेकर ने कुल आय में भी मामूली वृद्धि दर्ज की, जो तिमाही के दौरान 40,674 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 38,235 करोड़ रुपए थी। कंपनी की ईबीआईटीडीए से पहले की कमाई 4,264.5 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा कि ईबीआईटीडीए मार्जिन 10.5 प्रतिशत रहा। मुनाफे में गिरावट के बावजूद, कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 135 रुपए प्रति शेयर के रिकॉर्ड अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो कंपनी से घोषित अब तक का सबसे अधिक लाभांश है। यह आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों के अप्रूवल के अधीन है।

# प्रभसिमरन सिंह ने तूफानी पारी खेल रचा इतिहास

## -पंजाब के लिए 1000 रन पूरे करने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने

**कोलकाता, ए.।** प्रभसिमरन सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले जा रहे मैच में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है. वो पंजाब किंग्स के लिए इस उपलब्धि को हासिल करने वाले भारत के छठे और ओवरऑल 11वें बल्लेबाज बन गए हैं. इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे को पहले फील्डिंग करने के लिए कहा. इसके बाद प्रभसिमरन सिंह का तूफान मैदान पर देखने के लिए मिला.

प्रभसिमरन सिंह ने प्रियांश आर्य के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की. प्रभसिमरन ने 49 बॉल में 6 चौके और 6 छक्कों के साथ 83 रनों की तूफानी पारी खेली।

इस पारी के साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं. इसके साथ ही वो पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल में 1000 रन बनाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने गए हैं जबकि ओवरऑल वो पंजाब के लिए 1000 रन बनाने वाले 11वें बल्लेबाज बन गए हैं.



इस मैच में प्रियांश आर्य ने भी पंजाब किंग्स के लिए शानदार पारी खेली. उन्होंने 35 बॉल में 8 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. इन दोनों के अलावा श्रेयस अय्यर ने नाबाद 25 और जोश इंग्लिश ने नाबाद 11 रनों का योगदान दिया और टीम का स्कोर 20 ओवर में 4 विकेट पर 201 तक पहुंचाया. केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 2 और वरुण चक्रवर्ती व आंद्रे रसेल ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## कॉरपोरेट्स ने 38 सौदों के जरिए भारत में 10.8 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस के लिए प्रतिबद्धता जताई!

**नई दिल्ली ,ए.।** कॉरपोरेट्स ने अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक छह महीने की अवधि के दौरान लगभग 10.8 मिलियन वर्ग फीट के कुल क्षेत्र को कवर करते हुए करीब 38 ऑफिस स्पेस डील के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक की रिपोर्ट के अनुसार, ये सौदे बेंगलुरु, मुंबई और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की कंपनियों से प्री-कमिटेड हैं। एनारॉक ग्रुप में कमर्शियल लीजिंग एंड एडवाइजरी के प्रबंध निदेशक पीयूष जैन ने कहा, भारतीय और वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों, दोनों की बढ़ती मांग के साथ-साथ एडवांस टेक इंफ्रास्ट्रक्चर और ईएसजी अनुपालन जैसी वर्कप्लेस की बदलती जरूरतों ने प्री-कमिटेड एक्टिविटी को बढ़ावा दिया है।

# वित्त वर्ष 2026 में भारत के यात्री वाहन की बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत का यात्री वाहन (पीवी) उद्योग इस वित्त वर्ष में नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिसमें घरेलू और निर्यात की बिक्री कुल मिलाकर 5 मिलियन यूनिट को पार कर जाएगी। जबकि, वार्षिक वृद्धि दर धीमी होकर 2-4 प्रतिशत रह जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार चौथा साल है, जब बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के बाद से बिक्री में काफी कमी आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, नए लॉन्च, ब्याज दरों में कमी, सीएनजी को अपनाने में वृद्धि और ग्रामीण इलाकों में अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) इस वित्त वर्ष में बिक्री में वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत तक रहेगी, लेकिन यूवी की वृद्धि दर 10 प्रतिशत रहेगी, जिसे नए लॉन्च का सपोर्ट प्राप्त है। यूवी वॉल्यूम का 68-70 प्रतिशत योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद है, जिससे एंट्री लेवल कारों की मांग में सुधार होगा।

बेहतर नकदी प्रवाह और मजबूत नकदी अधिशेष मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को अपने उच्च पूंजीगत व्यय को फंडिंग की अच्छी स्थिति में रखेगा और उनकी बैलेंस शीट मजबूत और क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगी। पिछले वित्त वर्ष में कुल वॉल्यूम में घरेलू बाजार का योगदान 85 प्रतिशत था, जबकि निर्यात का योगदान बाकी था। फ्यूल मिक्स भी तेजी से विकसित हो रहा है। सीएनजी से चलने वाले पीवी की मांग बढ़ रही है। कम परिचालन लागत और 7,000 से अधिक रिफ्यूलिंग स्टेशनों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के कारण इस वित्त वर्ष में उनकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है।

# मस्क की स्पेसएक्स ने अमेरिकी लेबर एजेंसी के खिलाफ किया मुकदमा

**सैन फ्रांसिस्को ,एजेंसी।** एलन मस्क द्वारा संचालित स्पेसएक्स ने यूएस नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) पर मुकदमा दायर किया है। एजेंसी ने स्पेसएक्स के खिलाफ सीईओ की आलोचना करने के चलते आठ कर्मचारियों को अवैध रूप से निकालने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी।

गुरुवार को संघीय अदालत में दायर मुकदमे में स्पेसएक्स ने दावा किया कि एनएलआरबी की कार्रवाई असंवैधानिक है। अमेरिकी राज्य टेक्सस में दायर मुकदमे में कहा गया है, यह कार्रवाई एनएलआरबी द्वारा स्पेसएक्स को एक प्रशासनिक कार्यवाही के अधीन करने का गैरकानूनी प्रयास है, जो अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद 2, पांचवें संशोधन और सातवें संशोधन का उल्लंघन है। इसमें दावा किया गया कि एनएलआरबी की कार्यवाही स्पेसएक्स के जूरी द्वारा परीक्षण के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करती है। अमेरिकी लेबर एजेंसी ने अभी तक मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। लेबर एजेंसी ने आरोप लगाया था कि स्पेसएक्स ने अपने कर्मचारियों की निगरानी की और धमकी दी।

लेबर एजेंसी ने दावा किया कि स्पेसएक्स ने कर्मचारियों के बीच मैसेज के स्क्रीनशॉट को पढ़कर और दिखाकर निगरानी की धारणा बनाई। पिछले साल, स्पेसएक्स कर्मचारियों के एक ग्रुप ने ओपन लेटर लिखा था कि कैसे मस्क का व्यवहार उनके लिए शर्मिंदगी का कारण बनता है। ओपन लेटर में लिखा था, %%सार्वजनिक क्षेत्र में एलन का व्यवहार हमारे लिए अक्सर शर्मिंदगी का कारण बनता है, खासकर हाल के हफ्तों में। हमारी टीमों और हमारे टैलेंट समूह को यह साफ करना महत्वपूर्ण है कि उनका मैसेज हमारे काम, हमारे मिशन या हमारे वैल्यू को प्रतिबिंबित नहीं करता है। उस समय, बिजनेस इनसाइडर की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि स्पेसएक्स ने उस फ्लाइट अटेंडेंट को 250,000 डॉलर का भुगतान किया था जिसका मस्क ने यौन उत्पीड़न किया था।

# गर्मी के समय में कहीं भी पेयजल की समस्या नहीं होना चाहिए- प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

## 30 जून तक नल जल योजनाओं का काम पूरा करने के निर्देश, प्रमुख सचिव पी नरहरि ने की शिवपुरी एवं श्योपुर जिलों की नल जल योजनाओं की समीक्षा

**शिवपुरी ब्यूरो।** नल जल योजना के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का उद्देश्य है। हर घर में नल से जल के लिये कनेक्शन सहित निर्माणाधीन एकल नल जल योजनाओं के शेष काम मिशन मोड पर पूर्ण कराएं और 30 जून तक इस योजना का काम जिले में पूर्ण करें। अभी गर्मी के समय में कहीं भी पीने के पानी की समस्या ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी नरहरि ने दिए हैं। प्रमुख सचिव पी नरहरि ने शिवपुरी में नल जल योजना की समीक्षा की, जिसमें शिवपुरी और श्योपुर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और जनपद सीईओ उपस्थित रहे। शिवपुरी जिले में 1262 गांव में 536 एकल योजना और 716 समूह योजना हैं। जल जीवन मिशन के तहत अभी तक 1 लाख 61 हजार 251 नल कनेक्शन होना था। अभी 40 हजार 847 कनेक्शन शेष है। इस पर प्रमुख सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द 30 जून तक सभी योजनाओं के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नल जल योजना के दौरान रोड रेस्टोरेशन का कार्य भी साथ ही किया जाए और जिला पंचायत सीईओ इसकी निगरानी करें। प्रमुख सचिव पी नरहरि ने कहा कि इसमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के इंजीनियर की ड्यूटी भी निगरानी के लिए लगाई जाए। इसके अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी की ड्यूटी भी निगरानी के लिए लगाए। यदि कहीं ठेकेदार द्वारा काम नहीं किया जा रहा है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने एक-एक कर विकासखंडवार समीक्षा की और शिवपुरी में पिछले तीन माह में कोई प्रगति न होने पर एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। यदि कहीं हैंडपंप खराब है तो उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए कहीं भी पीने के पानी की समस्या नहीं होना चाहिए। जहां कहीं पिछले वर्षों में पेयजल संबंधी संकट था, ऐसे गांव को चिन्हित करें। सरपंच सचिव के साथ बैठक करें।पूर्व में स्थापित सिंगल फेज मोटर का सत्यापन कराए।यदि कहीं मोटर खराब होती है तो उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। प्रमुख सचिव पी नरहरि ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि नल-जल योजना का काम पूरा कराने के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का सहयोग करें। यदि कहीं काम में दिक्कत हो तो वे कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के ध्यान में लाएं। उन्होंने नल जल योजनाओं के काम में गुणवत्ता का ध्यान रखने पर विशेष बल दिया। बैठक में प्रमुख अभियंता के के सोनगरिया, ग्वालियर से मुख्य अभियंता, आरएस मौर्य एवं अधीक्षण यंत्री आर पी अहिरवार, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित जल निगम और पी एच ई के अधिकारी मौजूद रहे। जिले में जल निगम द्वारा मड़ीखेड़ा और बसई और महुअर परियोजना पर काम किया जा रहा है, जिसके तहत दिसंबर 2025 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

जल निगम के अधिकारियों द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए हैं की पूर्व में ही इन परियोजनाओं में समय अवधि बढ़ाई गई है अब काम में देरी नहीं होना चाहिए। दिसंबर तक इनका कार्य पूर्ण कर लिया जाए। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव पी नरहरि ने कहा कि नल - जल योजनाओं के काम से जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए। जनप्रतिनिधियों से सहयोग लें। जहां कहीं काम पूरा हो गया है और लोगों के घर तक पानी पहुंच रहा है ऐसे ग्रामों की सफलता की कहानी भी प्रसारित करें।

# झांसी मंडल में इंफ्रास्ट्रक्चर का हो रहा सतत विकास

## दो पुराने ब्रिज को रेलकर्मियों ने दिया नया जीवन, भविष्य के लिए किया तैयार




**झांसी।** रेल मंडल द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर और मजबूत करने का कार्य सतत रूप से जारी है. आज दिनांक 27.04.2025 को मंडल के रेलकर्मियों द्वारा दो ब्रिज को प्रतिस्थापित किया गया। रेलकर्मियों द्वारा झांसी-कानपुर खंड के पारीछा-चिरगांव अप लाइन पर स्थित ब्रिज संख्या 1158/1 को प्रतिस्थापित किया गया. यहां स्टोन स्लैब ब्रिज की जगह 1.2 1.5 मीटर के आरसीसी बॉक्स लगाया गया। यह कार्य महज 4.5 घंटे में पूरा कर लिया गया। डेडीकेटेड फ्राइट कॉरिडोर के फीडर रूट के लिए बनाए जा रहे ट्रैक का यह चौथा ब्रिज है।

**इसी प्रकार एट** – कोंच लाइन पर स्थित ब्रिज संख्या 1229/3 के स्टील गार्डर को हटा कर PSC स्लैब से प्रतिस्थापित किया गया। स्टील गार्डर का साइज 8*3.05 मीटर था। इस ब्रिज पर 1904 से पहले के स्टील गार्डर लगे हुए थे तथा लकड़ी के स्लीपर का इस्तेमाल था। पुराना होने की वजह से इस ब्रिज से गुजरते समय ट्रेन को 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार बनाए रखनी पड़ती थी। अब PSC स्लैब के साथ PSC स्लीपर लग जाने से स्पीड की यह सीमा खत्म हो जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि मंडल के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास सतत रूप से जारी है। सभी पुराने ब्रिज को नई मजबूती प्रदान की जा रही है। इससे ट्रेन की आवागमन और समयपालनता बेहतर होगी। इसके साथ ही संरक्षा में भी बढ़ोतरी होगी।

# धौलपुर में गूंजा संविधान का स्वरः चंद्रज्योति अभियान में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा और जागरूकता




**धौलपुर ब्यूरो।** जिला परिषद धौलपुर परिसर भारतीय संविधान के प्रति नई चेतना और ऊर्जा का गवाह बना। चंद्रज्योति अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में धौलपुर, बसेड़ी, बाड़ी और सैंपऊ क्षेत्र के विद्यालयों के छात्रों ने संविधान के मूल्यों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने छात्रों के भीतर संविधान के आदर्शों के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता का बीजारोपण किया। प्रतियोगिता में कक्षा 5, 6, 7, 9 और 11 के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज में कटैलपुरा विद्यालय के शौर्य, विनय और अंशी मुद्गल विजेता बने। पोस्टर मेकिंग में ओमकार, अनन्या, खुशी, गुंजन, हर्षिता और विवेक ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। भाषण प्रतियोगिता में सिटी कोतवाली विद्यालय की खुशी, प्रांशु और वर्षा ने अपने प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल से सबको प्रभावित किया।

वाद-विवाद में सिटी कोतवाली, विपरपुर और पुरानी छावनी विद्यालय के समूहों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। वहीं रोल-प्ले में भी छात्रों ने संविधान से जुड़े जीवंत प्रसंग प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन रामदीन, बाल मुकुंद, लक्ष्मणचंद, वेद प्रकाश और अंजना जैसे अनुभवी निर्णायकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अतुल चौहान ने किया।

प्रतियोगिताओं के बाद संविधान दीवार यात्रा का आयोजन किया गया, जहाँ छात्रों ने चित्रों और संदेशों के माध्यम से संविधान की आत्मा को महसूस किया। इस दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने भारतीय संविधान की यात्रा विषय पर छात्रों को रोचक तथ्यों और उदाहरणों के साथ संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान चंद्रज्योति अभियान की विशेष पुस्तिका का विमोचन भी किया गया, जिसमें विद्यालयों की गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और छात्रों के अनुभवों को संकलित किया गया है। सीईओ जिला परिषद ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल के साथ इस पुस्तिका का अनावरण किया। सक्रिय योगदान देने वाले शिक्षकों दर्शना (कटैलपुरा विद्यालय), गौरव (पीडावली विद्यालय) और अतुल चौहान (विपरपुर विद्यालय) को सक्रिय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही सलेमपुर विद्यालय (बसेड़ी), पचगांव बालिका विद्यालय और पीएम श्री सरमथुरा विद्यालय को सक्रिय विद्यालय पुरस्कार प्रदान कर उनकी उत्कृष्ट सहभागिता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, सूरज, यतीश, गौरव, अंकिता, मिन्हाज, रेनू एवं संतोष समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ, जिसने छात्रों में संविधान के प्रति सम्मान और अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति गहरी जागरूकता का संचार किया।

# कलेक्टर ने की पीएम जनमन योजना और आवास प्लस की समीक्षा

## समस्त जनपद सीईओ को काम में प्रगति लाने के निर्देश अन्यथा होगी कार्यवाही, कम प्रगति वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने पीएम जनमन योजना के तहत जिले में पीएम जनमन आवास, आवास प्लस निर्माण सहित सामुदायिक भवन, मल्टीपरपज सेंटर, जनमन आंगनबाड़ी केंद्र प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, समग्र ईकेवाईसी, गौशाला चारागाह पूर्णता, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आवास प्लस के तहत लंबित किस्त और आवास स्वीकृत, नरेगा पोर्टल पर एंट्री आदि की समीक्षा की और समस्त जनपद सीईओ को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं अन्यथा जनपद सीईओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित जनपद सीईओ, परियोजना अधिकारी सहायक यंत्री, उपयंत्री बैठक में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना आवास प्लस में और पीएम पीएम जनमन आवास में कम प्रगति देखकर नाराजगी व्यक्त की। समस्त जनपदों में ग्राम पंचायतवार अधिकारियों को नोडल नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंप गई है, जिनकी कम प्रगति पाई गई उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। पीएम आवास परियोजना अधिकारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन रोजगार सहायक द्वारा फोटो अपलोड नहीं किए जा रहे हैं या फोटो अपलोड करने के एवज में राशि मांगने की शिकायत प्राप्त होती है ऐसे रोजगार सहायक को बर्खास्त किया जाएगा। जिनके आवास स्वीकृत है और आवास निर्माण की समय पर सभी किस्त हितग्राहियों को जारी की जाए। आगामी बैठक अगले माह होगी अगर तब तक प्रगति नहीं देखी जाती है तो सीईओ के खिलाफ भी प्रस्ताव भेजा जाएगा। अभी जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत सभी जल संरचनाएं चिन्हित करे। खेत तालाब डगवेल रिचार्ज की भी समीक्षा की। सभी जनपद सीईओ को सरपंच के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। खेत तालाब, अमृत सरोवर के लिए जगह चिन्हित कर प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति समय पर की जाए, जिससे काम शुरू किया जा सके और आधार अपडेट न होने के कारण जिन सहरिया हितग्राहियों के नाम आवास के लिए नहीं जुड़ पा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर विशेष आधार कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन के तहत आंगनवाड़ी का काम किया जा रहा है जिसका काम जल्द पूरा करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में समग्र आई केवाईसी की भी समीक्षा की।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रीति हरिओम जैन बनी प्रदेश मंत्री व ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी का भी मिला दायित्व

**शिवपुरी ब्यूरो।** राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के जिला प्रमुख ब अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संभाग महामंत्री का दायित्व संभाल रहे समाजसेवी चौधरी हरिओम जैन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति जैन को भी अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन संगठन में प्रदेश मंत्री सहित ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी के रूप में मनोनीत करते हुए बड़ी जिम्मेदारी दी है। यह मनोनयन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द गोयल के द्वारा किया गया जहां उन्होंने श्रीमती प्रीति हरिओम जैन को प्रदेश मंत्री व ग्वालियर चंबल संभाग का दायित्व सौंपते हुए आशा और अपेक्षा व्यक्त कि वह संस्था अंतरास्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के माध्यम से समाज के सभी घटकों को एक साथ जोड़कर सामाजिक रूप से संगठन को सशक्त बनाएंगी। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति हरिओम जैन को सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई देने वालो में अंतराष्टीय वैश्य महासम्मेलन के संभाग महामंत्री चौधरी हरिओम जैन, मुकेश जैन जिला अध्यक्ष शिवपुरी, धर्मेंद्र जैन, मुकेश जैन पत्रकार, सूरज जैन, राजू जैन प्रेम स्वीट्स, सुमित अग्रवाल ख्यावदावाले, रमन अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, ऋतिक गर्ग एवं महिला साथियों में भारती जैन, इंदिरा अग्रवाल, रेनू जैन, अंजू जैन, ममता जैन, ज्योति जैन सहित अन्य समाज बन्धु व नगर के गणमान्य नागरिक शामिल है।

# आचार्य शंकर प्रकटोत्सव - एकात्म पर्व' ओंकारेश्वर में सोमवार से : राज्य मंत्री श्री लोधी

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव और देशभर के प्रमुख साधु- संत वैश्विक एकात्मता का महायज्ञ में होंगे शामिल, 'एकात्म पर्व' का उद्देश्य भारत के प्राचीन सनातन ज्ञान और अद्वैत वेदान्त की सार्वभौमिक चेतना को जन-जन तक पहुँचाना, ओंकारेश्वर में 28 अप्रैल से 2 मई तक 'एकात्म पर्व' का आयोजन**




**भोपाल।** जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के जन्मोत्सव पर ÷आचार्य शंकर प्रकटोत्सव - एकात्म पर्व÷ का भव्य आयोजन 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर एकात्म धाम परिसर में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ÷एकात्म पर्व÷ को एक दिव्य, सांस्कृतिक और बौद्धिक महाकुंभ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि ÷एकात्म पर्व÷ का उद्देश्य भारत के प्राचीन सनातन ज्ञान और अद्वैत वेदान्त की सार्वभौमिक चेतना को जन-जन तक पहुँचाना तथा विश्वबंधुत्व एवं एकात्मता की भावना को पुनः जागृत करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, साधकों और संस्कृति प्रेमियों को इस अद्वितीय पर्व में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया हैं।

एकात्म पर्व का शुभारंभ 28 अप्रैल सोमवार को सुबह 7 बजे महर्षि सांदीपनि वेद विद्यापीठ एवं आर्ट ऑफ लिविंग गुरुकुल के आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान से होगा। इसके बाद शोभा यात्रा नर्मदा के अभय घाट से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः अभय घाट पर संपन्न होगी। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावन पर्व के दौरान ओंकारेश्वर में विविध प्रकार के आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसमें आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन, वैदिक अनुष्ठान, शोभायात्रा, अद्वैत शारदा पुस्तकालय, अद्वैत लोक प्रदर्शनी और वेदांत-विज्ञान विषयक परिचर्चाएँ प्रमुख रहेंगी। आयोजन में अनेक संत-संन्यासियों की उपस्थिति होगी। इसमें जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, इस्कॉन के गौरांग दास प्रभु, अखण्ड परम धाम के स्वामी परमानंद गिरि, स्वामी विदितात्मानंद सरस्वती, स्वामी मिथलेश नंदनी शरण, स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी, और माँ पूर्णप्रज्ञा सम्मिलित हैं। एकात्म धाम ओंकारेश्वर में विभिन्न सत्रों में चिंतक मुकुल कानिटकर, लेखक नीलेश नीलकंठ ओक, प्रो. गौरी माहुलिकर, प्रो. पंकज जोशी, प्रो. रामनाथ झा, कैप्टन प्रवीण चतुर्वेदी, मृत्युंजय गुहा मजूमदार और विशाल चौरसिया जैसे प्रमुख वक्ता भाग लेंगे।

# सुनहरे कल के लिये पानी बचाएं

## जल गंगा संवर्धन अभियान में संगठित होकर करें प्रयास

**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वयं सेवी कार्यकर्ता और प्रशासनिक अमला संगठित होकर पानी बचाने के कार्य में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे है। राज्य के जिलों में इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे है। अभियान में प्राचीन धरोहर के तालाबों और बावड़ियों के संरक्षण का कार्य पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।

**भेड़ौरा नदी के पुनर्जीवन के लिए उठे सैकड़ों हाथ**

रीवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटौरा में भेड़ौरा नदी तथा उसके घाटों की साफ-सफाई की गई। सीईओ जिला पंचायत तथा उपस्थित श्रमदानी नागरिकों ने नदी में उतर कर घाटों की सफाई की। जन संवाद में बताया गया कि जल के सभी स्त्रोत जीवन सभ्यता के लिए अनिवार्य है। इनका संरक्षण करना समाज की जिम्मेदारी है। अभियान में नदियों, तालाबों, बावड़ियों, पोखरों व अन्य जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन किया जा रहा है।

**जल विरासतों को सहजने का अभियान**

राजगढ़ जिले की राजमहल एवं पुरानी बावड़ी अपने समृद्ध इतिहास को बयां करती हैं। जल संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा इन ऐतिहासिक बावड़ियों की साफ-सफाई कर इनके जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया गया है। जीर्णोद्धार के बाद ये बावड़ियां अपने समृद्ध इतिहास की जीवंत तस्वीर बन सकेंगी। जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। राज्य पुरातत्व विभाग से सूचीकृत मोरपीपली की बावड़ी, माचलपुर की चोर बावड़ी, हाडीरानी की बावड़ी एवं सेमली जागीर की बावड़ी इसके अलावा नरसिंहगढ स्थित उम्मेदा बाई की बावड़ी एवं छतरी सहित राजगढ़ के राजमहल स्थित बावडी के जीर्णोद्धार का कार्य भी किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय क्षेत्रों में जल संवर्धन अभियान अंतर्गत प्याऊ की स्थापना भी की जा रही है। इसमें प्रत्येक नगरीय क्षेत्र के हर वार्ड में एवं सार्वजनिक स्थानों पर 300 प्याऊ स्थापित करने का कार्यक्रम है। नदियों के कटाव को रोकने के लिए नगरीय क्षेत्रों में 5 एकड़ में हरित क्षेत्र भी जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत तैयार किया जा रहा हैं। जिले में नगरीय क्षेत्रों में शासकीय एवं बड़े भवनों की रैन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के सुधार का कार्य भी हाथ में लिया गया है, ताकि बरसात के सीजन में इन संरचनाओं से भूमिगत जल स्तर में वृद्धि हो सके। आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए सभी नगरीय क्षेत्रों में नल कनेक्शनों में आवश्यक रूप से टोंटी लगाने का कार्य भी अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रत्येक नगरीय क्षेत्र में बाग-बगीचों का भी उन्नयन किया जा रहा है। यह बाग-बगीचे नगरीय वन के रूप में विकसित किये जाएंगे। राजगढ़ जिले में 734 कूपों पर काम शुरू कर दिया गया है। विभाग द्वारा जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में भारत सरकार के MY Bharat पोर्टल में जिले के कुल 90911 युवाओं का रजिस्ट्रेशन Youth Volunteer for Bharat में कराया गया। पोर्टल पर फोटोग्राफ अपलोड किये। जिले में कुल 68 नवीन तालाब का स्थल चयन कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। राजगढ़ जिले में 140 ग्राम पंचायतों में प्रभात फेरियां, जागरूकता रैली, ग्राम सभाएं एवं चौपाल तथा नुक्कड नाटकों का आयोजन किया जा चुका है। इसी तरह जन सहभागिता से 64 ग्राम पंचायतों में 04 बोरी बंधान/चैक डेम, 43 सोख्ता गडडों तथा 62 अन्य जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही 158 ग्राम पंचायतों में नदियों, तालाबों एवं कुआ बावड़ियों की साफ-सफाई का कार्य किया गया है।

**कदवाल नदी पर किया गया श्रमदान**

श्योपुर जिले में कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा सवंर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कदवाल नदी गुप्तेश्वर महादेव मंदिर घाट पर स्वच्छता श्रमदान किया गया और नदी के गहरीकरण कार्य की शुरूआत की गई। इसी के साथ 30 लाख रूपये लागत की बाउन्ड्री वॉल निर्माण कार्य के लिए भूमि-पूजन किया गया। नगरपालिका परिषद श्योपुर एवं ग्राम पंचायत बगवाज के तत्वाधान में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कदवाल नदी पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुप्तेश्वर मंदिर के घाट पर साफ-सफाई की गई।

**सुंदरदादर घाट मे 180 बोरियो का बोरी बंधान किया गया**

उमरिया जिले में अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से बोरी बंधान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सुंदरदादर के आमा घाट मे 180 बोरियो का बोरी बंधान किया गया। बैतूल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार गतिविधियाँ जारी है। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाना होगा। चुनौती नहीं,बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। ताप्ती नदी के घाटों की सफाई की गई तथा जल में फैली गंदगी,प्लास्टिक की बोतलें, कपड़ें, पन्नियां, थर्माकोल इत्यादि को समेट कर उचित निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।

# ईरान के प्रमुख बंदरगाह में जबरदस्त विस्फोट, 25 लोगों की मौत, 800 से अधिक घायल

**लंदन।** ईरान के एक प्रमुख बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 25 लोगों की मौत हुई है और 800 लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट शनिवार सुबह दक्षिणी शहर बंदर अब्बास के पास देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह शाहिद राजाई बंदरगाह में हुआ। ब्लास्ट से आस-पास की इमारतों की खिड़कियां और छतें उड़ गईं और कारें नष्ट हो गईं। स्थानीय निवासियों बताया कि विस्फोट का असर 50 किमी (31 मील) दूर तक महसूस किया गया। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, छह लोग लापता हैं। फारस की खाड़ी के किनारे और होर्मोज जलडमरूमध्य के पास स्थित, शाहिद राजाई बंदरगाह, ईरान का सबसे बड़ा कंटेनर हब है, जो देश की लगभग 80त्न कंटेनर गतिविधियों को संभालता है। क्षेत्र में मौजूद एक व्यक्ति ने ईरानी सरकारी टीवी को बताया, पूरा गोदाम धुएं, धूल और राख से भर गया। मुझे याद नहीं है कि मैं टेबल के नीचे गया या विस्फोट के कारण वहां फेंका गया। हवाई फुटेज में कम से कम तीन क्षेत्रों में आग लगी हुई दिखाई दी और ईरान के आंतरिक मंत्री ने बाद में पुष्टि की कि आग एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर में फैल रही थी। क्षेत्र के स्कूलों और कार्यालयों को रविवार को बंद रहने का आदेश दिया गया है। ईरान के संकट प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जफरी ने शाहिद राजाई में कंटेनरों में रसायनों के खराब भंडारण को विस्फोट के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने ईरान की आईएलएनए समाचार एजेंसी को बताया, विस्फोट का कारण कंटेनरों के अंदर मौजूद रसायन थे। जफरी ने कहा, इससे पहले, संकट प्रबंधन के महानिदेशक ने अपने दौरे के दौरान इस बंदरगाह को चेतावनी दी थी और खतरे की संभावना की ओर इशारा किया था। हालांकि, ईरानी सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि यद्यपि विस्फोट संभवतः रसायनों के कारण हुआ है, फिर भी इसका सटीक कारण निर्धारित करना अभी तक संभव नहीं है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने घटना की जांच के आदेश दिए और आंतरिक मंत्री को घटनास्थल पर भेजा। हाल के वर्षों में ईरानी ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे में कई घातक घटनाएं हुई है। इनमें से कई के लिए, शनिवार के विस्फोट की तरह, लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। इनमें रिफाइनरी में आग लगना, कोयला खदान में गैस विस्फोट, बंदर अब्बास में आपातकालीन मरम्मत की घटना [जिसमें 2023 में एक श्रमिक की मृत्यु हो गई थी, शामिल हैं। हालांकि कुछ घटनाओं के लिए ईरान ने अपने कट्टर दुश्मन इजरायल को दोषी ठहराया। तेहरान ने कहा था कि फरवरी 2024 में ईरानी गैस पाइपलाइनों पर हमले के पीछे इजरायल का हाथ था।

# पानी के बाद दवाईयों का भी पड़ेगा अकाल! व्यापार बंद होने के बाद पाकिस्तान को सताने लगा नया डर

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की सख्त प्रतिक्रिया के बाद पाकिस्तान ने भी ताव में आकर कई फरमान सुना दिए। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना एयर स्पेस बंद करने के अलावा भारत के साथ चल रहे थोड़े-बहुत व्यापार पर भी रोक लगा दी। हालांकि अब पाकिस्तान को अपने इस फैसले की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत से व्यापार पूरी तरह बंद करने के बाद पाकिस्तान के फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को बड़ा झटका लग सकता है। पाकिस्तान के कई स्वास्थ्य अधिकारियों ने दवा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए अभी से इमरजेंसी प्लान बनाना शुरू कर दिया है।

# चेहरे पर तरबूज के छिलके रगड़ने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे



तरबूज एक ऐसा फल है, जो गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व न केवल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं, बल्कि त्वचा की देखभाल करने में भी मदद कर सकते हैं, खासकर तरबूज के छिलके का उपयोग करके आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं।

आइए जानते हैं कि तरबूज के छिलके को चेहरे पर रगड़ने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

**त्वचा की सफाई में है सहायक**

तरबूज के छिलके में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद करते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करता है और गंदगी को बाहर निकालता है। इससे आपकी त्वचा ताजगी महसूस करती है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की चमक भी बढ़ती है और वह स्वस्थ दिखती है।

**मुंहासों से मिलेगी राहत**

अगर आप मुंहासों की समस्या से जूझ रहे हैं तो तरबूज के छिलके का उपयोग आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण मुंहासों के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं।

इसके अलावा यह त्वचा की अतिरिक्त चर्बी को नियंत्रित करता है, जिससे मुंहासों की संभावना कम होती है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा साफ और निखरी हुई दिखती है, जिससे आपको एक स्वस्थ और चमकदार चेहरा मिलता है।

**झुर्रियों का कर सकता है निवारण**

झुर्रियां उम्र बढ़ने के साथ-साथ तनाव और गलत जीवनशैली का परिणाम हो सकती हैं।

तरबूज के छिलके में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो झुर्रियों को कम करने में सहायक होते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा को पोषण देता है और उसे मुलायम बनाता है।

इसके अलावा यह त्वचा की इलास्टिसिटी को बढ़ाता है, जिससे झुर्रियां धीरे-धीरे कम होती हैं।

**सनबर्न से मिलेगा आराम**

गर्मियों में धूप में ज्यादा रहने से सनबर्न होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे त्वचा जल जाती है और लाल हो जाती है।

तरबूज के छिलके में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो सनबर्न से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन को कम करते हैं और जलन से राहत दिलाते हैं।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा फिर से स्वस्थ और चमकदार दिखती है।

त्वचा का निखार बढ़ाने में है कारगर

तरबूज के छिलके का नियमित उपयोग करने से आपकी त्वचा का निखार बढ़ता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को पोषण देते हुए उसे चमकदार बनाते हैं।

# स्काउट की शीतल जल सेवा प्रशंसनीय : माहेश्वरी

## निरंतर 30 साल से चल रही है जल सेवा - डा. राठी

## अब खुल जाती है ट्रेन की खिड़कियां मुरेना आते ही - शिवहरे



**मुरैना,कांस।** चंबल संभाग के मुख्यालय मुरेना में रेलवे स्टेशन के आते ही बोगी बोगी पर स्काउट गाइड द्वारा जो शीतल जल सेवा दी जा रही वास्तव में यह अनुकरणीय एवम प्रशंसनीय है उक्ताशय के विचार भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सचिव अतुल माहेश्वरी ने सेवारत लोगो कि हौसला अफजाई करते हुए व्यक्त किए।इस अवसर पर स्काउट जिला अध्यक्ष डा विवेक राठी,उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य एवम वरिष्ट उपाध्यक्ष राकेश शिवहरे, अमृत लाल यादव,रामनरेश दंडोतिया, मुरारी लाल मावई, जल सेवा संचालक,सीताराम गुर्जर, लाखन सिंह,कोक सिंह श्रीवास सहित अनेक समाजसेवी सेवारत थे। भारत स्काउट गाइड की जिला अध्यक्ष डा.विवेक राठी ने कहा कि यह जल सेवा की अनवरत सेवा 30 साल से भी अधिक समय से चल रही है स्काउट गाइड के साथ समाजसेवियों का विशेष योगदान रहता है इसमें मनोज गोयल पूरे समय बर्फ प्रदाय करते है,हमारा प्रयास यू ही सेवा चलती रहे । न्यायिक कार्य और स्काउट सेवा के लिए कार्य करने वाले राकेश शिवहरे ने कहा कि मुरेना में यह जल सेवा डा.के.एल.राठी द्वारा शुभारम्भ किया था ।

पहले लोगो का मिथक था कि यहा ट्रेनों की खिलकिया बंद हो जाती है पर आज चंबल की छवि बदली है और खिड़कियां बंद होजने की कहानी गई बात हो गई है अब भारी गर्मी में मुरैना आने का पिछले स्टेशन से इंतजार करते है यात्री मुरेना आने का और यहां खिडकीयो से ग्लास,जग, बोतले बाहर आ जाते है क्यू कि यहा भारत स्काउट गाइड की जिला परिषद द्वारा जनसहयोग से शीतल जलसेवा गत 30 वर्ष से रेलवे स्टेशन पर हर बोगी पर बच्चे बच्चियां ,युवा,एवम बुजुर्ग लोग ताप्ती गर्मी में जल सेवा करते है। मुरैना संभाग की दिशा और दशा बदल रही है जल सेवा के कारण यात्री ठंडा पानी पीकर प्रसन्न होकर दुआए देते है। यह सेवा पूरे गर्मी में चलेगी इसमें समाज सेवियो एवम रेलवे का भी विशेष सहयोग मिल रहा है।

# यातायात प्रभारी भागवत प्रसाद पाण्डेय ने 15 ट्रैक्टरों से हटाए डेक



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** श्योपुर जिले के सब डिवीजन विजयपुर में पदस्थ यातायात प्रभारी श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए वाहन चालकों से यातायात के नियमों का पालन कराने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।उन्होंने शहर में अनेक स्थानों पर चैकिंग पांइन्ट लगाकर तेज ध्वनि में डेक बजाकर ध्वनिप्रदूषण फैला रहे 15 ट्रैक्टरों से साउंड सिस्टम उतरवाकर जब्त किए वहीं मोटरसाइकिल सवारौ को जीवन सुरक्षा की दृष्टि से हैलमैट लगा कर सफर करने की समझाइश दी गई तथा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के बाईक नहीं चलाने की समझाइश दी गई। श्री पांडेय ने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के बाईक चलाने वाले बाईक सबारौ को हिदायत दी कि आज के बाद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**भोपाल।** एम. पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता (॥क्र) के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम. पी. ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है।

सात लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा। तीन लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7 प्रतिशत होगी। तीन लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

**किन्हें नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ता**

जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं, या किराया रहित आवास के बदले कोई अन्य भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें गृह भाड़ा भत्ता देय नहीं होगा। साथ ही संविदा, तदर्थ, स्थायी-कर्मी व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस भत्ते की पात्रता नहीं होगी। अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी और यह आदेश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा।

# बिन पिता की पुत्रियों की शादी में श्याम जन सेवा फाउंडेशन ने की आर्थिक सहायता



**मुरैना,कांस।** श्याम जन सेवा फाउंडेशन की टीम को ग्राम पिपरई हेतमपुर मुरैना पर स्व. बनवारी प्रजापति बरोली वाले की पुत्री की शादी दिनांक 30.04.2025 की सूचना प्राप्त हुयी !परिवार की आजीविका चलाने के लिए कोई भी सक्षम मुखिया ना होने से एवम 02 पुत्रीयों की शादी नियत होने से स्व बनवारी की धर्मपत्नी उषा के सामने आर्थिक संकट आ पडा है ! उक्त दोनो कन्याओ की शादी कार्यक्रम अपने नाना जगदीश प्रजापती निवासी पिपरई के यहाँ से होना तय है परिवार की परिस्थिति को देखते एवं उषा प्रजापति के अनुरोध पर 27अप्रेल को श्याम जन सेवा फाउंडेशन समिति की टीम के द्वारा ग्राम पिपराई पहुचकर स्व बनवारी प्रजापति की धर्मपत्नी उषा प्रजापति को 21000 रुपये की राशि का चेक 02 कन्याओ की शादी हेतु आर्थिक सहयोग के रूप में प्रदाय कराया गया ! इस मौके पर श्याम जनसेवा फाउंडेशन समिति के संरक्षक दीपू प्रजापति एवम् अध्यक्ष राकेश प्रजापति , कोषाध्यक्ष राजेश राठौर,सचिव प्रदीप प्रजापति,रमन दंडोतिया,देवेन्द्र प्रजापति देव ,राकेश प्रजापति, संजू ,दुष्यन्त ,जीतेन्द्र राठौड़, संतोष गुर्जर,राकेश गुर्जर ,संजीव, पंकज, अजय,सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगन उपस्थित रहे।

# करंट से युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** सिहोनिया थाना क्षेत्र के भोलाराम का पुरा में निवास करने वाले राजेश पुत्र ग्याराम सखवार उम्र 26 साल अपने घर पर करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से धायल हो गया था, जिसे उसके परिजन तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में लेकर आए जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने युवक की मौत पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# अवैध पिस्टल सहित आरोपी धरा

**मुरैना,कांस।** अम्बाह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से अवैध पिस्टल लेकर किसी वारदात की नियत से किला स्कूल के पास घूम रहे आरोपी तोसिफउर्फतुफ्कि पुत्र इमाम खॉन निवासी भुमिया रोउ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल एवं चार जिन्दा राउण्ड सहित गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# टैक्टर के दबने से युबक की हुई मौत पुलिस ने कियॉ मर्ग कायम



**कैलारस।** तनबीर कुशवाह पुत्र मांगीलाल कुशवाह उम्र 36 साल निवासी ग्राम इटौरा थाना कैलारस जिला मुरैना ने मय रामलखन यादव पूर्व सरपंच इटौरा के उपस्थित थाना आकर बताया कि आज दिनांक 27.04.25 के समय करीब दिन के 11.00 बजे की बात है कि मेरा छोटा भाई बारेलाल कुशवाह पुत्र मांगीलाल कुशवाह उम्र 35 साल निवासी ग्राम इटौरा एक नीले रंग का न्यू हलेण्ड ट्रेक्टर के चालक के साथ ट्रेक्टर पर बैठ कर मिट्टी भरकर कुऐ की पार बनाने के लिये मिट्टी ले जा रहा था, तभी ट्रेक्टर चालक ने ट्रेक्टर को तेजी लापरवाही से चलाया जिससे ट्रेक्टर मय ट्रौली अनियंत्रित होकर कुआ में गिर गया । तभी ट्रेक्टर चालक कुंदकर भाग गया जिसमें बैठा मेरा भाई बारेलाल कुशवाह दब गया और चोट आई मौके पर गांव वालो ने उसे निकालकर स्वास्थ्य केंद्र कैलारस लाये जहां डक्टर ने बारेलाल कुशवाह को मृत घोषित कर दिया वही सूचना मिलते ही कैलारस पुलिस मौके पर पहुची ओर मार्ग कायम कर प्रकरण जांच में ले लिया हैं वही पुलिस ने बॉडी का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# कवि राजवीर सिकरवार को मिला साहित्य शिरोमणि सम्मान



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** अखिल भारतीय काव्य मंचों के सुप्रसिद्ध कवि गीतकार सबलगढ़ निवासी श्री राजवीरसिंह सिकरवार भारती को 26 अप्रैल 2025 को बालाघाट जिले के तिरोड़ी में हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान समारोह में साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया।आयोजक मण्डल द्वारा उन्हें अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि नगद प्रदान की गई। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में राजवीर सिकरवार के अलावा दिनेश देहाती (हास्य व्यंग्य ) रमेश विश्वहार रायपुर (छत्तीसगढ़ ) मनोज दुबे (इंदौर) आदि की उपस्थिति रही । राजवीर सिकरवार को यह सम्मान उनके द्वारा लिखे गए महाकाव्य कवित्त रामायण पर प्राप्त हुआ है । राजवीर सिकरवार के सम्मान से सभी सबलगढ़ एवं मुरैना जिले के निवासियों में हर्ष व्याप्त है ।

# मारपीट कर जातिय अपमान किया

**मुरैना,कांस।** बानमोर थाना पुलिस ने दलित युवक की मारपीट एवं जातिय अपमान करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लाल सिंह पुत्र बिरखा जाटव निवासी डाग का पुरा पिलुआ थाना नूराबाद शान ए होटल एबी रोड के बाहर खडा था कि उसी समय रंजिशन आरोपी रोहित कुशवाह एवं तीन अन्य अज्ञात ने फरियादी को जाति सूचक गालिया देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# दिमनी पुलिस ने हत्या के प्रयास संबंधी अपराध में फरार आरोपी किया गिरफ्तार




**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा गंभीर प्रकरणों में फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुरैना विजय सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना दिमनी पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास संबंधी प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। निरीक्षक शशि कुमार थाना प्रभारी दिमनी एवं हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हाजा के अपराध क्रमांक 245/24 धारा 109, 351 (2) बी.एन.एस. में लगभग 04 माह की अवधि से फरार चल रहे आरोपी पिंटू उर्फ प्रमोद भदौरिया पुत्र विश्वनाथ भदौरिया निवासी मिरघान को पुरानी छावनी, जिला ग्वालियर से गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा विधिवत् जब्त किया गया, बाद आरोपी को माननीय न्यायालय जौरा के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया। गिरफ्तारशुदा उक्त आरोपी के विरूद्ध पूर्व से भी लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, शराब तस्करी आदि से संबंधित आपराधिक प्रकरण भिन्न-भिन्न थानों पर पंजीबद्ध हैं,आरोपी पिंटू उर्फ प्रमोद भदौरिया पुत्र विश्वनाथ भदौरिया नि. मिरघान,है।

**आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार जब्त किया गया**

# विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज

**मुरैना,कांस।** अम्बाह थाना पुलिस ने विद्युत कर्मचारी की रिपोर्ट पर से विद्युत चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने फरियादी विद्युत कर्मचारी आरके प्रजापति पुत्र डालचन्द्र मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल अम्बाह ने विद्युत चोरी करते हुए आरोपी राजकुमार सखवार पुत्र शिवराज को वीरेन्द्र पैट्रोल पम्प के पास से अवैध विद्युत तार डालकर चोरी कर रहा था, थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) एवं 135 मध्यप्रदेश विद्युत बोर्ड अधिनियम 1948 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# समस्त चराचर सीताराम में सेवक भक्ति : ब्रह्म दत्त शर्मा

**बी आर आइल्स से श्री सुक्खा जी ने सेवा हेतु दिया सरसों तेल, चित्रकूट में आज अमावस्या पर चल रहा भंडारा - सतना मुरैना से सेवक उपस्थित, 19 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 272 मरीज और 31 सेवक हुए उपस्थित**



**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 272 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 89 स्व- जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 75, नाक कान गला 49, सर्जरी 42, अस्थि रोग 47, नैत्र रोग 25, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट2, ब्लड प्रेसर की जाँच 42, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 32, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 19, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 32, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया60, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज21, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेक्ष् आँखों की जाँच 14 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल.राजपूत, डॉ मुकुल सिंघल, डॉ दीपक बंसल, डॉ माधवी मुद्गल, प्रदीप शर्मा, गुड्डी, कस्तूरी, ओमवती, राजश्री, प्रेमा, आशा, मुन्नी, मीरा, लक्ष्मी, ममता, बबीता, मनीराम, होतम, रमेश बाउजी, श्याम शर्मा, मयूर, परोसतम, राम चरण, गौरव, दीपू, हाकिम, रामसिंह, घिरसिंह, श्रीनिवास, प्रकाश निन्शुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ न्यास में ब्रह्म दत्त शर्मा दास जी पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर ह्रदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि जिनके अंदर आत्मीयता होती है उनमें प्रेम का प्रादुर्भाव होता है और प्रेम के प्रादुर्भाव से प्रेमी और प्रेम करने वाला प्रेमास्पद दोनों एक हो जाते हैं। तो ईश्वर को स्वीकार करने से यह सारी की सारी सृष्टि ईश्वर की है, ईश्वर के नाते ईश्वर की बनायी हुई सृष्टि के हित में यह शरीर उसका कोई छोटा-बड़ा साधन बन जाये ऐसी आकांक्षा के साथ अपने शरीर, समझ, मन और वाणी को भगवान की बनायी हुई सृष्टि की सेवा में लगा दे। गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज कहते हैं कि- ÷मैं सेवक सचराचर रूप स्वामी भगवंत।÷ न चलने वाले अचल वृक्ष, पहाड़ आदि तथा चलने वाले पशु, पक्षी, जानवर, मनुष्य देवता, यक्ष, कीन्नर ये सभी मिलाकर चराचर, सारा विराट स्वरूप जो है यह मेरा स्वामी है और मैं इसका सेवक हूँ, ऐसी दृढ़मति हो जाये मेरी। इस तरह दृढ़ता के साथ सेवा करने से भाई आनन्द की, अमृत की, प्रकाश की और सुख की प्राप्ति होती है। सब में वह है और उसी के नाते सबकी सेवा करनी है। विराट रूप है उनका। उनके जो-जो प्रियजन हैं, हम लोग प्रारम्भ करते हैं गोमाता से, तुलसी से, पीपल से, साधु से और ब्राह्मण से। इस तरह पाँच प्रत्यक्ष देवता हैं और फिर सूर्य आदि विराट देवता। इस तरह पासना का क्रम चलाते-चलाते हमारी उपासना पद्धति इतनी विराट हो जाती है कि ÷वासुदेवः सर्वम।÷ सब जगह मेरे प्रभु हैं, वासुदेव हैं परमार्थ न्यास की सेवा जो हो, समर्पण भाव से हो। हमको जो यह शरीर मिला है, भगवान ने दिया है। यह सारी सृष्टि भगवान की है। यह सारा, इतना सारा दिख रहा है आपको, सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, वनस्पति, तारे ये, सुबह सूर्य उदय होते हैं, शाम को अस्त होते हैं, रात्री को तारे आदि आते हैं इनको चलाने वाला कोई-न-कोई है। इनको जो चलाता है, वह ईश्वर है। हमारे अन्दर जो प्राण आ रहे हैं, जा रहे हैं उसको बाहर जाकर फिर अन्दर खींचता है, हमारे अन्दर वाणी जो पैदा होती है, ये शब्द जो बोलने के इनके मूल में भी वो है। तो इन सबको चलाने वाला, इनका संचालन करने वाला जो है उसी का नाम ईश्वर है। उस ईश्वर को स्वीकार करना ही स्वीकृति कहलाती है और जब स्वीकृति हो जाये कि ईश्वर है तो भैया उसमें विश्वास हो जाता है और जिनमें विश्वास हो जाता है, उसमें फिर आत्मीयता हो जाती है। जिनमें तरह से ज्ञान-विज्ञान, कला-कौशल से सम्पन्न होकर और उस शरीर द्वारा जगत की सेवा कर दो। बदले में कुछ न चाहो और यह निश्चित कर लो कि दूसरों की सेवा करने के लिये हमारे पास शरीर, मन, बुद्धि आदि हैं। सब सेवा के पात्र हैं। पर इनसे हमें कुछ मिलना नहीं है और इनसे हमें कुछ लेना भी नहीं है। सेवा सबकी करो और किसी से कुछ चाहो नहीं तो अद्भुत कार्य हो सकता है। अद्भुत काम हो सकता है। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं ह्रदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल** - हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है।

अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

# बेटियों के हाथ पीले करने में माता-पिता को न लेना पड़े कर्ज : मंत्री श्री सिंह

## गाडरवारा में हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन 91 जोड़ों का हुआ विवाह



**भोपाल।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में निर्धन वर्ग के माता-पिता को बेटी के विवाह के लिये कर्ज न लेना पड़े इसके लिये राज्य सरकार ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्था की है। राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिये लाड़ली बहना योजना भी संचालित कर रही है। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह शनिवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में 91 जोड़ों का समारोहपूर्वक विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपये की राशि के स्वीकृति-पत्रों का वितरण भी किया गया। यह राशि परिणय सूत्र में बंधी कन्याओं के बैंक खाते में जमा कराई जायेगी। मंत्री सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने कैबिनेट में फैसला कर इन वैवाहिक कार्यक्रमों को और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। अब कम से कम 11 और अधिकतम 200 वैवाहिक जोड़े होने पर राज्य सरकार आयोजन कर सकती है। बेटियों को बोझ न मानें% इसी सोच का नतीजा था कि लाड़ली लक्ष्मी, कन्या विवाह, प्रतिभा किरण, लाड़ली बहना जैसी अनेक क्रांतिकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीन पर उतारा गया है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष गाडरवारा श्री शिवाकांत मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# शासकीय सेवकों की अन्य अपेक्षाओं और समस्याओं के संबंध में भी करेंगे शीघ्र कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान ही 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। महंगाई भत्ते में वृद्धि के फलस्वरुप एरियर राशि का भुगतान 5 समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ भोपाल के नार्मदीय भवन में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का वृहद पुष्पाहार, शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री भगवान दास सबनानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय सेवकों के परिश्रम और समर्पण ने प्रदेश को बेहतर भविष्य की ओर बढ़ाया है। कर्मचारियों का जीवन खुशहाल और भविष्य सुरक्षित हो यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की व्यवस्थाओं और जनहित की योजनाओं को हितग्राही तक पहुंचाकर लाभान्वित करने में राजपत्रित अधिकारी ग्रोथ इंजन का कार्य करते हैं। इनकी कर्मठता, निष्ठा और




◂◂ मुख्यमंत्री ने की शासकीय सेवकों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ते किस्त की घोषणा

◂◂ केंद्र के समान हुआ राज्य सरकार के शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ता

◂◂ मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में हुए शामिल

संवेदनशीलता ही प्रदेश के सुशासन का आधार है। योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से शासन की लोकहित व लोककल्याण की मंशा को समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में शासकीय योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार इनके भविष्य और कार्य सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लक्ष्य के प्रति शासन-प्रशासन सभी मिलकर निरंतर समर्पित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2016 से अवरूद्ध पदोन्नति के मामले में समाधान के लिए भी राज्य सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों की अन्य अपेक्षाओं और समस्याओं के संबंध में भी शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। सभी विभागों में जो पद रिक्त है उनकी त्वरित पदपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन बड़ी उपलब्धि थी।

भोपाल में सम्पूर्ण प्रदेश के गौरवशाली अतीत की झलक मिले, राजधानी प्रदेश की समृद्धशाली विरासत को समेटे हुए दिखाई दे, इस दिशा में राज्य सरकार प्रयास कर रही है। राजधानी में प्रवेश कर रहे सभी मुख्य मार्गों पर महापुरूषों को समर्पित द्वारों का निर्माण होगा, इस क्रम में शीघ्र ही राजा भोज को समर्पित द्वार का भूमि-पूजन किया जाएगा। सम्राट विक्रमादित्य सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण थे, राजधानी से अवंतिका की ओर जाने वाले मार्ग पर बनने वाला द्वार उनको समर्पित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहलगाम में हुई आतंकी वारदात पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश इस हमले के

# प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी जी की ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना

**भोपाल,ब्यूरो ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को भोपाल के वार्ड क्रमांक 50 के जी-3 गुलमोहर सील पब्लिक स्कूल के सामने पार्क स्थित बूथ क्रमांक 200 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पहलगाम में आंतकी हमले में दिवंगत हुए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

आज दुनिया के सारे देश आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं- विष्णुदत्त शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने ''मन की बात'' कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' कार्यक्रम देश के जन-जन की बात और सामाजिक आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक प्रगति हो रही है। मोदी



जी ने आज ''मन की बात'' कार्यक्रम में पहलागांव में आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इस दुखद घटना से विश्व सहित हिंदुओं में आक्रोश है। आज दुनिया के सारे देश आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन दे रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले पर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया है कि आतंकवादियों और इस हमले की साजीशकर्ताओं को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आतंकवाद को समाप्त करने के लिए पूरे सकंल्प के साथ जुटे हैं। देश के 140 करोड़ जनता का संकल्प है कि आतंकवाद पूरी दुनिया से समाप्त होगा और इसकी शुरुआत हो गई है।मोदी जी के नेतृत्व में भारत स्पेस टेक्नोलॉजी में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके संबल और वैज्ञानिकों के अथक मेहनत से भारत स्पेस टेक्नोलॉमें दुनिया का नेतृत्व कर रहा हैं। प्राईवेट सेक्टर में भी काफी संख्या में लोग स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे आ रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने ''मन की बात'' के कार्यक्रम के माध्यम से कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन एक भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक और शिक्षाविद जिन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष थे, उनकी भूमिका का जिक्र करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। ''मन की बात'' कार्यक्रम के माध्यम से कई बातों का उल्लेख प्रधानमंत्री जी ने किया है। प्रधानमंत्री जी ने 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था, अब तक 140 करोड़ जनता ने मां के नाम पेड़ लगाया है, जिसकी प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री जी के आव्हान और मेरा प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि 5 जून को मां के नाम आप भी एक पेड अवश्य लगाएं ।

# मध्यप्रदेश सेमी कंडक्टर उद्योग का अगला प्रमुख केंद्र बनेगा

**भोपाल,ब्यूरो ।** एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उद्योग में एक बड़ा केंद्र बनने के लिए तैयार है। नवीन तकनीकी क्रांति में राज्य अग्रणी भूमिका निभाने और निवेश आकर्षित करने की ओर अग्रसर है। एमपी टेक ग्रोथ कॉनक्लेव-2025 में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने रविवार को मध्यप्रदेश - सेमीकंडक्टर और ईएसडीएम के लिए अगला गंतव्य विषय पर आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस-4 को ब्रिलियंट कंवेंशन सेंटर, इंदौर में संबोधित किया। उन्होंने राज्य की सेमीकंडक्टर नीति एवं प्रदेश सरकार द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उद्योगपतियों/निवेशकों ने अपने विचार और सुझाव रखे। इसमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर एमपीएसईडीसी गुरु प्रसाद, डॉ. मणि मधुकर, प्रोग्राम लीड, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम - आईबीएम इंडिया, अभिषेक कुमार, प्रबंध निदेशक (एमडी ) केदारा सहित उद्योगपति/ निवेशक उपस्थित रहे।

एसीएस दुबे ने कहा कि टियर-2 शहर जैसे इंदौर, भोपाल का तेजी से विकास राज्य की तकनीकी स्थिति को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की विशेष भौगोलिक स्थिति, त्वरित स्वीकृतियाँ, आधुनिक





आधारभूत संरचना और प्रगतिशील नीतियाँ तकनीकी विकास को गति दे रही हैं। साथ ही सेमीकंडक्टर कंपोनेंट निर्माण, इलेक्ट्रोनिक उत्पाद विकास और नवाचार और चिप डिजाइन कंपनियों सभी के लिए विशेष सुविधाएं राज्य में प्रदान की जा रही हैं।

एसीएस श्री दुबे कहा कि राज्य सरकार आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी ), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड ) और मजबूत स्टार्ट-अप संस्कृति के जरिये नवाचार को बढ़ावा दे रही है। कॉन्फ्रेंस में निवेशकों ने कहा कि सरकार की सेमीकंडक्टर नीति-2025बहुत आकर्षक है। राज्य सरकार निवेशकों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है। निवेशकों ने राज्य में सेमीकंडक्टर और संबंधित क्षेत्रों के उद्योगों को विकसित करने के लिए महत्पूर्ण सुझाव भी रखे।

# भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों से होगा समाज का कल्याण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान महावीर स्वामी के सत्य, अहिंसा अपरिग्रह के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में दिगंबर जैन महाकुंभ में उपस्थित जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाकुंभ में पधारे जैन मुनियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। नगरीय विकास, आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, क्षेत्रीय सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक गण उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर में जैन मुनियों के महाकुंभ से मालवा की धरती धन्य हो गई है। मालवा क्षेत्र के लिए यह एक अद्भुत एवं अद्वितीय अवसर है।



दिगंबर जैन मुनियों का पट्टाभिषेक कार्यक्रम का यह एक वृहद आयोजन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैन मुनि अपने आचरण से समाज को सदाचरण का संदेश देते हैं। दिगंबर साधु प्रकृति के साथ जीवन यापन करना भी सीखते हैं। उनका आचरण हमारी धर्म के प्रति आस्था को और मजबूत बनाता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री नहीं करने का निर्णय लिया है और इसे अमल में भी लाया जा रहा है। राज्य सरकार ने तय किया है कि खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी और इसका पालन भी कराया जा रहा है। राज्य सरकार गौशालाओं के निर्माण को प्रोत्साहन दे रही है। गौपालन को प्रोत्साहन देने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना बनाई गई है। इस योजना में 25 से ज्यादा गाय पालने पर शासन द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

# दतिया के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत मंडेलिया को संभागीय आयुक्त ने किया निलंबित

**ग्वालियर,ब्यूरो।** संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने जातिगत व्यवस्था पर टिप्पणी करने एवं एक जाति विशेष के प्रति अभद्र भाषा का उपयोग करने पर दतिया के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत मंडेलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए।

संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री द्वारा जारी आदेश अनुसार कलेक्टर, जिला दतिया के पत्र कमांक क्यू/स्टेनो/2025/3042 दिनांक 26-4-2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि डॉ. हेमन्त मडेलिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया का एक वीडियो बार-बार प्रसारित हो रहा है जिसमें वो जातिगत व्यवस्था की बात कर रहे हैं और एक विशेष समाज के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

इस संबंध में कलेक्टर जिला दतिया द्वारा अनुविभागीय अधिकारी दतिया को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। अनुविभागीय अधिकारी, दतिया द्वारा जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट लेख किया गया है कि डॉ. मण्डेलिया एक शासकीय कर्मचारी हैं और उनके द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम में मंच से किसी जाति विशेष अथवा धर्म के प्रति इस प्रकार के अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना पदीय कर्तव्यों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। उक्त कार्यक्रम ग्वालियर झांसी हाईवे के निकट अम्बेडकर पार्क में दिनांक 14-4-2025 को आयोजित किया गया था जिसमें डॉ. मण्डेलिया द्वारा उपरोक्तानुसार पदीय कर्तव्यों के विरूद्ध कार्य किया गया। डॉ. मण्डेलिया के उक्त कृत्य से समाज में विशेष आक्रोष है। इस कारण भविष्य में अशांति उत्पन्न हो सकती है।

इस प्रकार डॉ. मण्डेलिया का उक्त कृत्य भ्रष्ट आचरण, स्वेन्छाचारिता एवं गैर जिम्मेदार कार्यप्रणाली को दर्शाता है जो उनके पदीय कर्तव्यों के विपरीत होकर म0प्र0 सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।अतः डॉ. हेमन्त मण्डेलिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया को शासकीय आचरण के विपरीत कार्य किये जाने के फलस्वरूप म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में डॉ. हेमन्त मण्डेलिया का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, जिला दतिया रहेगा।

तथा उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया का प्रभार डॉ. बी. के. वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय दतिया को सौंपा जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# मंत्री सारंग ने बिजली नगर कॉलोनी में पार्क सहित विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन



**भोपाल,ब्यूरो।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। समारोह में मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पहले नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है। आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमि-पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंत्री श्री सारंग का बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है

# प्रदेश में कक्षा एक से 12वीं तक 72 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन

**भोपाल,ब्यूरो।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले लगभग 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश ले चुके हैं।

कक्षा एक से 8वीं तक में लगभग 59 लाख 66 हजार से अधिक एवं कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नये शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं।

प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू हुए नये शैक्षणिक सत्र में अब तक लगभग एक लाख 62 हजार से अधिक बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश हो चुका है। इनमें से लगभग एक लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों ने उनका प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया है। शेष करीब 35 हजार बच्चे निजी विद्यालयों की कक्षा एक में प्रवेश ले चुके है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष तक स्कूल चलें हम अभियान का संचालन जून माह में किया जाता था जिसे इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक अप्रैल से ही संचालित किया गया है।

स्कूल चलें हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के नामांकन के लिए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 का एक अप्रैल को लोकार्पण किया था। पोर्टल के माध्यम से शालाओं में कक्षावार नामांकन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नामांकन का कार्य सतत प्रगति पर है तथा अधिकांश चिन्हित बच्चे निर्धारित कक्षाओं में प्रवेश ले रहे हैं।इस वर्ष समय डेटा के आधार पर कक्षा एक में प्रवेश के लिये योग्य बच्चों की ग्राम और वार्ड वार सूची भी शिक्षकों को पहले से ही उपलब्ध कराई गई है। जिससे शिक्षकों के द्वारा इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर शाला प्रवेश कार्य में सुविधा हो रही है।

**परीक्षा परिणामों की समयबध्द घोषणा**

प्रदेश में परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा माह अप्रैल में ही की गई है।

॥ उठावनी ॥



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे परम पूज्यनीय पिताजी
श्री रामचरण लाल कुशवाह जी
का अकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 27-04-25 , रविवार को हो गया है।
जिनकी उठावनी दिनांक : 28-04-25 , सोमवार
को समय-सांय 4 से 5 बजे तक
स्थान - मंगल वाटिका माधोपुरा की पुलिया के पास
मुरैना म. प्र. ।

शोकाकुल परिवार:- श्रीमती कलावाती कुशवाह(पत्नी), महेंद्र सिंह कुशवाह(भाई), वीरेंद्र सिंह कुशवाह(पुत्र), बनवारी लाल कुशवाह श्रीमती शारदा देवी, चंदन सिंह श्रीमती मिथिलेश, उमाशंकर कुशवाह(एडवोकेट) श्रीमती राधा, प्रेम सिंह श्रीमती राधा (पुत्र वधु), दिनेश कुशवाह, पिंकी, नरेंद्र (भतीजे), राजा, मोंटी, मनीष, राज, मनोज, रोहित, तरुण, वरुण, करन, देवांश (नाती) एवं समस्त कुशवाह परिवार

प्रतिष्ठान
मनीष कुमार राज कुमारजीवाजी गंज मुरैना
कॉमर्स इंस्टिट्यूट जीवाजी गंज मुरैना

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954